


# सब का सपना

निष्पक्ष व निडर- हिंदी दैनिक समाचार पत्र





जोखिम लेना चाहती हैं अनन्या पांडे -पेजः 8

अर्शदीप सिंह का टेस्ट डेब्यू तय! -पेजः 8



वर्षः 01 | अंकः 39 | गुरुवार- 15 मई 2025 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 4 रुपए


## सीडीएस चौहान, सेना के तीनों अंगों के प्रमुखों ने राष्ट्रपति को 'ऑपरेशन सिंदूर' संबंधी जानकारी दी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और सेना के तीनों अंगों के प्रमुखों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को बुधवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' संबंधी जानकारी दी।

भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत छह और सात मई की दरमियानी रात पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर सटीक हमले किए। पहलगाम में हुए हमले में 26 लोग मारे गए थे।

राष्ट्रपति भवन ने 'एक्स' पर लिखा, ''प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए. पी. सिंह एवं नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें 'ऑपरेशन सिंदूर' संबंधी जानकारी दी।'' राष्ट्रपति ने सशस्त्र बलों की उस वीरता और समर्पण की सराहना की जिसके कारण आतंकवाद के विरुद्ध प्रतिक्रिया के दौरान भारत को शानदार सफलता मिली।



## कांग्रेस का कटाक्ष : अमेरिकी पापा ने वार रुकवा दी क्या?

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** कांग्रेस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत एवं पाकिस्तान के बीच ₹मध्यस्थता₹ का फिर से दावा किए जाने के बाद बुधवार को कटाक्ष करते हुए कहा कि अमेरिकी पापा ने वार रुकवा दी क्या ?

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सऊदी अरब में मंगलवार को फिर कहा कि उनके प्रशासन ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम करवाया। साथ ही उन्होंने कहा कि दोनों देश व्यापार करें।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, कुछ दिन पहले हमें पाकिस्तान के साथ संघर्षविराम की



जानकारी अमेरिका के राष्ट्रपति से मिली थी। अब, कल सऊदी अरब में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान, राष्ट्रपति ट्रंप ने खुलासा किया कि उन्होंने प्रतिबंधों और व्यापारिक सौदों के लालच और धमकी का इस्तेमाल करके भारत को इस युद्धविराम के लिए मजबूर किया और ब्लैकमेल किया।

उन्होंने सवाल किया, इस खुलासे के बारे में आम तौर पर अत्यंत मुखर रहने वाले प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री का क्या कहना है? क्या उन्होंने अमेरिकी दबाव के सामने भारत के सुरक्षा हितों को गिरवी रख दिया? रमेश ने तंज कसते हुए कहा, अमेरिकी पापा ने वार रुकवा दी क्या?

बीते 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 लोगों की हत्या कर दी थी जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। इसके बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर अभियान चलाया तथा पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में कई आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। गत 10 मई को दोनों देशों के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी। भारत सरकार का कहना है कि पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) के संपर्क किए जाने के बाद सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी।

## संक्षिप्त समाचार

### न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की याचिका पर तत्काल सुनवाई से न्यायालय का इनकार



**नयी दिल्ली (एजेंसी)** उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ नकदी बरामदगी मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के अनुरोध वाली याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने से बुधवार को इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने वकील और याचिकाकर्ता मैथ्यूज नेदुम्परा से उल्लेख करने की प्रक्रिया का पालन करने को कहा। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''कृपया उल्लेख करने की प्रक्रिया का पालन करें।'' पूर्व प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने मामलों को तत्काल सूचीबद्ध करने और सुनवाई के लिए मौखिक उल्लेख से इनकार कर दिया और कहा था कि वकीलों या वादियों को पहले ईमेल लिखना होगा और सर्वोच्च न्यायालय की रजिस्ट्री में जाना होगा।

### राकांपा गुटों के विलय की चर्चा महज एक अटकलबाजी हैः चंद्रकांत पाटिल



**मुंबई/नागपुर (एजेंसी)** महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता चंद्रकांत पाटिल ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के शरद पवार और अजित पवार के नेतृत्व वाले गुटों के संभावित विलय की अटकलों को खारिज करते हुए बुधवार को कहा कि ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है। वहीं, राकांपा (शरदचंद्र पवार) के वरिष्ठ नेता अनिल देशमुख ने भी इन अटकलों का खंडन करते हुए कहा कि उनकी पार्टी में ऐसी कोई चर्चा नहीं हुई है। शरद पवार ने कथित तौर पर कहा था कि विलय के बारे में फैसला राकांपा (एसपी) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले और अजित पवार को करना है, जिसके बाद उपमुख्यमंत्री (अजित पवार) के नेतृत्व वाली राकांपा और शरद पवार नीत राकांपा (एसपी) के फिर से एक होने की अटकलों ने जोर पकड़ लिया।

### बर्ड फ्लू का डरः लखनऊ और कानपुर के चिड़ियाघर भी बंद किये गये

**लखनऊ (एजेंसी)** बर्ड फ्लू के बढ़ते खतरे के बीच गोरखपुर और इटावा के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने लखनऊ और कानपुर के चिड़ियाघरों को भी एक हफ्ते के लिए बंद करने का आदेश जारी किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि गोरखपुर के शहीद अशफाकउल्ला खां चिड़ियाघर में एक बाघिन में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद गोरखपुर और इटावा में भी इसी तरह के एहतियाती कदम उठाए गए थे। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) अनुराधा वेमुरी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में जारी निर्देशों के अनुरूप लखनऊ और कानपुर के चिड़ियाघरों को भी सात दिनों तक बंद रखने का आदेश दिया। इस निर्णय का उद्देश्य वायरस के किसी भी संभावित संक्रमण को रोकना और चिड़ियाघरों और पोल्ट्री फार्मों में निगरानी बढ़ाना है। मुख्यमंत्री ने विभागों में तत्काल और समन्वित कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, "चिड़ियाघरों, पक्षी अभयारण्यों, आर्द्रभूमि, गौशालाओं और राष्ट्रीय उद्यानों में जानवरों और पक्षियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी अधिकारियों को केंद्र और राज्य सरकारों के दिशा-निर्देशों के अनुसार तत्परता से काम करना चाहिए।"

# न्यायमूर्ति बीआर गवई ने भारत के 52वें प्रधान न्यायाधीश बने



**नयी दिल्ली (एजेंसी)** न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने बुधवार को देश के 52वें प्रधान न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। वह अनुच्छेद 370 समाप्त करने के केंद्र के फैसले को बरकरार रखने समेत कई अहम फैसले देने वाली पीठों में शामिल रहे हैं।

न्यायमूर्ति गवई (64) को राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में एक संक्षिप्त समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शपथ दिलाई। उन्होंने हिंदी में शपथ ली। उन्होंने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की जगह ली है, जो 65 वर्ष की आयु होने पर मंगलवार को सेवानिवृत्त हुए।

न्यायमूर्ति गवई को 24 मई, 2019 को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था। उनका कार्यकाल छह महीने से अधिक समय का होगा और वह 23 नवंबर तक पद पर रहेंगे। शपथ लेने के तुरंत बाद न्यायमूर्ति गवई ने अपनी मां कमल ताई गवई के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्रियों और पूर्व न्यायाधीशों ने उन्हें बधाई दी।

प्रधानमंत्री मोदी ने बाद में अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शपथ ग्रहण समारोह की तस्वीरें जारी कीं।

उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ''उनके कार्यकाल के लिए बहुत शुभकामनाएं देता हूं।'' शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के साथ ही केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, जे पी नड्डा और अर्जुन राम मेघवाल भी शामिल हुए। महाराष्ट्र के अमरावती में 24 नवंबर, 1960 को जन्मे न्यायमूर्ति गवई को 14 नवंबर, 2003 को बंबई उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था। वह 12 नवंबर, 2005 को उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीश बने। न्यायमूर्ति गवई उच्चतम न्यायालय में कई संविधान पीठों का हिस्सा रहे हैं, जिन्होंने महत्वपूर्ण फैसले दिए हैं। वह पांच-सदस्यीय उस संविधान पीठ का भी हिस्सा थे, जिसने दिसंबर 2023 में पूर्ववर्ती राज्य जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने के केंद्र के फैसले को सर्वसम्मति से बरकरार रखा था। न्यायमूर्ति गवई की मौजूदगी वाली पांच-सदस्यीय एक अन्य संविधान पीठ ने 'राजनीतिक फंडिंग के लिए चुनावी बॉण्ड' योजना को रद्द कर दिया था। वह पांच-सदस्यीय उस संविधान पीठ का भी हिस्सा रहे, जिसने 4:1 के बहुमत के फैसले से 1,000 और 500 रुपये के नोट अमान्य करने के केंद्र के 2016 के फैसले को मंजूरी दी थी। न्यायमूर्ति गवई सात-सदस्यीय उस संविधान पीठ का भी हिस्सा थे, जिसने 6:1 के बहुमत के फैसले में माना था कि राज्यों को अनुसूचित जातियों के भीतर उप-वर्गीकरण करने का संवैधानिक अधिकार है, ताकि उन जातियों के उत्थान के लिए आरक्षण दिया जा सके, जो सामाजिक और शैक्षणिक रूप से उनमें अधिक पिछड़ी हैं।

### 'न्यायपालिका की सेवा करने के साथ संवैधानिक मूल्यों को बरकार रखने में सक्षम हैं गवई'



**कांग्रेस अध्यक्ष** मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने के बाद न्यायमूर्ति बी आर गवई को शुभकामनाएं दीं और कहा कि वह उत्कृष्टता के साथ न्यायपालिका की सेवा करते हुए संवैधानिक मूल्यों को बरकरार रखने में सक्षम हैं। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''भारत के 52वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने के लिए न्यायमूर्ति बी.आर. गवई को शुभकामनाएं। भारत के प्रधान न्यायाधीश का पद अत्यधिक जिम्मेदारी, सार्वजनिक जांच और अपेक्षाओं से भरा होता है।''

### केजरीवाल ने भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी. आर. गवई को बधाई दी



**आम आदमी** पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई को भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी।

केजरीवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "भारत के उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने पर न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई को हार्दिक बधाई। आशा है कि उनका कार्यकाल न्याय के उच्चतम आदर्शों को कायम रखेगा और न्यायपालिका में लोगों का विश्वास मजबूत करेगा।" दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और 'आप' की वरिष्ठ नेता आतिशी ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "भारत के प्रधान न्यायाधीश के तौर पर शपथ लेने के लिए न्यायमूर्ति बी.आर. गवई को हार्दिक बधाई।

## आप ने शुल्क वृद्धि और एक स्कूल से 34 छात्रों के कथित निष्कासन को लेकर भाजपा पर निशाना साधा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** आम आदमी पार्टी (आप) की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार को आड़े हाथ लेते हुए आरोप लगाया कि उसकी निजी विद्यालयों के साथ 'सांठगांठ' है और इसलिए मनमानी शुल्क वृद्धि की बार-बार शिकायतें किये जाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

भारद्वाज के आरोपों पर दिल्ली सरकार या भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई। भारद्वाज ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि द्वारका के एक निजी विद्यालय ने 34 छात्रों को इसलिए निष्कासित कर दिया क्योंकि उनके अभिभावकों ने



बढ़ी हुई फीस का भुगतान करने से इनकार कर दिया था।

उन्होंने कहा, ''छात्रों को स्कूल के गेट पर ही वापस भेज दिया गया। उन्हें कक्षाओं में जाने की अनुमति नहीं दी गई और उन्हें वापस घर भेज दिया गया। यह सिर्फ 34 बच्चों का मामला नहीं है, यह एक व्यापक मुद्दा है।''

## लोकसभा सिर्फ सदन नहीं, भारतीय लोकतंत्र की आत्मा है: ओम बिरला

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद के निचले सदन के नामकरण की घोषणा के 71 साल पूरा होने के मौके पर बुधवार को कहा कि यह केवल एक सदन नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट के माध्यम से इस बात का उल्लेख किया कि 14 मई, 1954 को तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष जी.वी. मावलंकर ने यह ऐतिहासिक घोषणा की थी कि 'हाउस ऑफ द पीपुल' को अब 'लोकसभा' के नाम से जाना जाएगा। बिरला ने कहा,''लोकसभा, संविधान के प्रति निष्ठा, जनता की आकांक्षाओं और राष्ट्रहित में लिये गए निर्णयों की सजीव संस्था है। देश की नीतियों की दिशा, जनहित के विधानों का निर्माण और लोकतांत्रिक विमर्श की सबसे प्रामाणिक भूमि यही लोकसभा है। यह वह मंच है जहां भारत की विविधता एकता में बदलती है, और जहां हर नागरिक की आवाज, विचार और अधिकार को प्रतिनिधित्व मिलता है।''



उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लोकसभा केवल एक सदन नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा, ''इस दिन को याद करना भारत की लोकतांत्रिक परंपरा के प्रति आदर भाव व्यक्त करना है।'' बिरला ने एक अन्य पोस्ट में न्यायमूर्ति बी आर गवई के प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने पर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''आज भारत के 52वें प्रधान न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई जी के राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सम्मिलित हुआ।

## नकवी ने सोफिया कुरैशी पर विवादित टिप्पणी करने वाले मंत्री को 'बेवकूफ' करार दिया



**नयी दिल्ली (एजेंसी)** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह की विवादास्पद टिप्पणी की बुधवार को निंदा की और उन्हें 'बेवकूफ' करार दिया।

भाजपा नेता और मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी को कथित तौर पर 'आतंकवादियों की बहन' करार दिया था। उनकी इस टिप्पणी का वीडियो सोशल मीडिया पर आने पर जब उनकी कड़ी आलोचना होने लगी, तो उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि इसे अलग संदर्भ में ना देखा जाए, क्योंकि 'हमारी बहनों' ने बहुत ताकत से सेना के साथ मिलकर पहलगाम हमले का बदला लिया है।

कर्नल सोफिया कुरैशी पहलगाम में 22 अप्रैल को किए गए आतंकी हमले के जवाब में भारत सरकार द्वारा चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर देश के पक्ष को मीडिया के माध्यम से दुनिया के सामने रखने वाली टीम का हिस्सा रहीं।

## राष्ट्रीय सुरक्षा पर सरकार से सवाल करने का किसी को कोई अधिकार नहीं हैः रेखा गुप्ता

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि किसी को भी राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर सरकार या सशस्त्र बलों से सवाल करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि ''एक पिता को अपने देश, परिवार और 140 करोड़ भारतीयों के बारे में सोचना होता है''।

उन्होंने एक कार्यक्रम के इतर संवाददाताओं से कहा, ''जब आपात स्थिति होती है तो राष्ट्रहित में निर्णय लिए जाते हैं और पूरा देश सशस्त्र बलों के साथ खड़ा होता है।'' 'आप' भारत और पाकिस्तान के बीच सभी सैन्य



कार्रवाई को रोकने के लिए बनी सहमति को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार से सवाल पूछ रही है।

'आप' ने आश्चर्य जताया है कि आखिर ऐसा क्या हुआ था जिसके कारण यह घटनाक्रम हुआ और क्या पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद न्याय हुआ है। गुप्ता ने कहा, ''वातानुकूलित कमरों में बैठकर टीवी देखकर कोई भी कुछ भी कह सकता है। केवल वे ही लोग निर्णय ले सकते हैं जो ऐसी परिस्थितियों में खड़े होते हैं। एक पिता को अपने देश, अपने परिवार और 140 करोड़ भारतीयों के बारे में सोचना होता है। सिर्फ बयानबाजी से कुछ नहीं होगा। किसी को भी सरकार या सशस्त्र बलों पर सवाल उठाने का अधिकार नहीं है।''

मंगलवार को उनकी पूर्ववर्ती और 'आप' नेता आतिशी ने चार दिन तक सीमा पार से ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद शनिवार दोपहर के घटनाक्रम को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की थी।

### मुख्यमंत्री ने जनता की शिकायतों से सीधे निपटने की योजना की घोषणा की

**मुख्यमंत्री** रेखा गुप्ता ने कहा कि उनका कार्यालय अब जनता की शिकायतों से सीधे तौर पर निपटेगा। इस कदम का उद्देश्य राष्ट्रीय राजधानी में बेहतर शासन सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि शहर में एसडीएम, एडीएम और उप-पंजीयक कार्यालयों में शिकायत पेटियां लगाई जाएंगी। गुप्ता ने अधिकारियों के साथ बैठक के बाद दिल्ली की लोक शिकायत निवारण प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए इसे और बेहतर बनाने का आह्वान किया।

# LAC पर Arunachal Cabinet Meeting और Walong में Tiranga Yatra देखकर बौखलाया China

## संपादकीय

### वायुसेना को संबल, पाक को करारा जवाब



सोमवार को राष्ट्र को संबोधित करने के बाद मंगलवार की सुबह अचानक पंजाब स्थित आदमपुर एयरबेस की यात्रा करके प्रधानमंत्री ने सबको चौंकाया। प्रतीकों के जरिये संदेश देने की कला में माहिर प्रधानमंत्री की इस यात्रा को लेकर कयास लगाए जा रहे थे। निस्संदेह, इस यात्रा के गहरे निहितार्थ थे। पहले तो 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तानी हमले के सामने अभेद्य दीवार बनकर खड़े रहे इस एयरबेस के वायु सैनिकों का मनोबल बढ़ाना था, तो दूसरी ओर अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी के सामने पाक को बेनकाब करना था। दरअसल, पाक ने दावा किया था कि उसने आदमपुर एयरबेस पर हमले करके 'सुदर्शन चक्र' यानी एस-400 को तबाह कर दिया है। प्रधानमंत्री ने इस एयरबेस में वायु सेना के कर्मियों से बातचीत की और शानदार काम के लिये उनकी पीठ थपथपायी। निश्चय ही प्रधानमंत्री का वायु सैनिकों के बीच जाकर उनका उत्साहवर्धन करना प्रेरक पहल है। निस्संदेह, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना की भूमिका निर्णायक रही। आतंकी ठिकानों और सैन्य हवाई अड्डों पर सटीक हमले इस ऑपरेशन के कामयाब लक्ष्य रहे। सबसे महत्वपूर्ण इस दौरान भारत की बहुस्तरीय वायु रक्षा प्रणाली की प्रभावशीलता रही। जिसने भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों और नागरिक क्षेत्रों पर हमले की पाकिस्तान की तमाम कोशिशों को विफल बना दिया। उल्लेखनीय है कि सोमवार को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तानी ड्रोनों और मिसाइलों को तिनके की तरह मार गिराने के लिये देश के वायु रक्षा कवच की मुक्तकंठ से प्रशंसा की थी। ठीक अगले ही दिन, उन्होंने आदमपुर एयरबेस की यात्रा की और वायु सैनिकों का मनोबल बढ़ाया। निश्चित रूप से यह हमारे वायु योद्धाओं और सशस्त्र बलों की बहादुरी को देश का हृदय से सलाम ही था। साथ ही प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान के दुष्प्रचार की जड़ पर प्रहार किया। दरअसल पड़ोसी पाक दावा करता रहा है कि उसकी मिसाइलों ने आदमपुर में भारतीय वायु रक्षा प्रणाली एस-400 को ध्वस्त कर दिया है। उल्लेखनीय है कि जब प्रधानमंत्री वायु सैनिकों को संबोधित कर रहे थे तो पृष्ठभूमि में स्पष्ट रूप से सही-सलामत 'सुदर्शन चक्र' दिखायी दे रहा था। अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी को सच बताने के लिये ये काफी था। एयरबेस में वायु सेना कर्मियों व अधिकारियों में खासा उत्साह दिखायी दिया। जो पाक को स्पष्ट संदेश दे गया कि वायु सेना के पास जश्न मनाने की वजह मौजूद है। निश्चित रूप से पाकिस्तान के मुकाबले भारत की वायु शक्ति की श्रेष्ठता पर कभी संदेह नहीं रहा। लेकिन यह 'ऑपरेशन सिंदूर' ही था, जिसने नये युग के युद्ध में भारतीय वायुसेना की दक्षता सिद्ध की। देश की वायु सेना युद्ध शक्ति, आक्रमण, रक्षा क्षमता, आधुनिकीकरण और रसद आपूर्ति के मामले में दुनिया में सर्वश्रेष्ठ वायुसेनाओं में से एक है। वैश्विक स्तर पर, यह चीन, इस्राइल और फ्रांस की वायु सेनाओं से भी बेहतर है। यही वजह है कि भारतीय वायुसेना को उपमहाद्वीप में स्पष्ट व निर्णायक बढ़त प्राप्त है। जिसके चलते पाकिस्तान को किसी दुस्साहस करने से रोका जा सका है।



» नीरज कुमार दुबे
लेखक- वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं

**ताजा हिमाकत में चीन ने अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों के नाम फिर से बदले हैं। इस पर पलटवार करते हुए भारत ने अरुणाचल कहा है कि इस तरह के ''बेतुके'' प्रयासों से यह ''निर्विवाद'' सच्चाई नहीं बदलेगी कि यह राज्य ''भारत का अभिन्न अंग था, है और रहेगा।''**

ड्रैगन है कि मानता नहीं। कभी वह भारत, ताइवान तथा दूसरे देशों के हिस्सों को अपने मानचित्र में दर्शाता है तो कभी दूसरे देशों के क्षेत्रों का अपने हिसाब से नामकरण कर देता है। विस्तारवादी चीन चूंकि अब अपनी सीमा से बाहर एक इंच जमीन पर भी कब्जा नहीं कर पा रहा है तो शायद वह ऐसी ही हरकतों से अपने को तसल्ली दे देता है। लेकिन उसका यह रुख दर्शाता है कि चीन की असली मंशा क्या है और समय आने तथा मौका मिलने पर वह क्या कर सकता है। इसलिए चीन से वार्ताओं के कितने भी दौर हो जायें, उससे कितना भी हाथ मिला लिया जाये, शांति के साथ रहने के कितने ही संयुक्त बयान जारी हो जायें, इस सबके बावजूद चीन पर तनिक भी भरोसा करना बहुत बड़ी भूल होगी।

हम आपको बता दें कि ताजा हिमाकत में चीन ने अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों के नाम फिर से बदले हैं। इस पर पलटवार करते हुए भारत ने कहा है कि इस तरह के ''बेतुके'' प्रयासों से यह ''निर्विवाद'' सच्चाई नहीं बदलेगी कि यह राज्य ''भारत का अभिन्न अंग था, है और रहेगा।'' विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ''हमने देखा है कि चीन ने भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदलने के व्यर्थ और बेतुके प्रयास किए हैं।'' उन्होंने कहा, ''हम इस तरह के प्रयासों को अपने सैद्धांतिक रुख के अनुरूप स्पष्ट रूप से अस्वीकार करते हैं।'' उन्होंने कहा, ''रचनात्मक नाम रखने से यह निर्विवाद वास्तविकता नहीं बदलेगी कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न एवं अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा।''



खास बात यह है कि चीन ने यह हिमाकत तब की है जब हाल ही में भारत पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य संघर्ष के दौरान चीनी हथियारों को भारत ने मार गिराया, चीन ने यह हिमाकत तब की है जब एक दिन पहले ही बीजिंग में चीन के विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं एशिया मामलों के प्रभारी लियू जिनसोंग ने भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों तथा साझा हितों के मुद्दे पर विचारों का आदान-प्रदान किया था। चीन ने यह हिमाकत तब की है जब एक दिन पहले ही अरुणाचल प्रदेश सरकार ने सीमावर्ती दूरदराज के क्षेत्रों में सरकार की पहुंच को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए अंजाव जिले के किबिथू में "कैबिनेट आपके द्वार" बैठक का आयोजन किया, जिसमें 100 करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। हम आपको बता दें कि किबिथू, चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) से केवल 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह भारत के सबसे पूर्वी बसे हुए स्थानों में से एक है। चीन ने यह हिमाकत तब की है जब एक दिन पहले ही अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती नगर वलोंग में उत्तर-पूर्व भारत की पहली तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

मुख्यमंत्री पेमा खांडू के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा में उपमुख्यमंत्री चोना मेन, कैबिनेट मंत्री, स्थानीय नेता, सेना के जवान और सैंकड़ों उत्साही नागरिक शामिल हुए। हम आपको बता दें कि LAC के निकट स्थित वलोंग, भारत-चीन 1962 के युद्ध का एक ऐतिहासिक स्थल है, जहां भारतीय सैनिकों ने वीरता से लड़ाई लड़ी थी।

हम आपको याद दिला दें कि चीन ने आधिकारिक तौर पर अपने 'मानक मानचित्र' के 2023 संस्करण को जारी किया था जिसमें अरुणाचल प्रदेश, अक्साई चिन क्षेत्र, ताइवान और विवादित दक्षिण चीन सागर पर उसके दावों सहित अन्य विवादित क्षेत्रों को शामिल किया गया था। यही नहीं, इससे पहले भी चीन अरुणाचल प्रदेश के लिए 11 स्थानों के नाम अपने हिसाब से रख चुका है जिसका भारत ने विरोध किया था। दरअसल चीन इस क्षेत्र को दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा बताकर इस पर अपना दावा करता है। चीन के नागरिक मामलों के मंत्रालय ने अरुणाचल प्रदेश के लिए 11 स्थानों के मानकीकृत नाम जारी किए थे जिसे वह स्टेट काउंसिल, चीन की कैबिनेट द्वारा जारी भौगोलिक नामों पर नियमों के अनुसार तिब्बत का दक्षिणी भाग ज़ंगनान बताता है।

हम आपको बता दें कि अरुणाचल में छह स्थानों के मानकीकृत नामों की पहली सूची 2017 में जारी की गई थी और 15 स्थानों की दूसरी सूची 2021 में जारी की गई थी। चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों का पुनः नामकरण ऐसे समय में किया गया था, जब पूर्वी लद्दाख में मई 2020 में दोनों देशों के बीच शुरू गतिरोध अभी तक पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है।

बहरहाल, चीन द्वारा जारी किये जाने वाले मानचित्रों और नामकरणों पर भारत का यही कहना रहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अटूट हिस्सा है और 'गढ़े' गए नाम रखने से यह हकीकत बदल नहीं जायेगी। वैसे यह भी एक हकीकत है कि 1950 के दशक से चीन की ओर से मनोवैज्ञानिक आधार पर दबाव बनाने का जो खेल चल रहा है वह आगे भी चलता ही रहेगा।

## मुद्दा

## यह अल्पविराम है, युद्ध तो होगा ही !

» डॉ. आशीष वशिष्ठ

पहलगाम आतंकी घटना के बाद भारत के वीर जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकी अड्डों को जिस तरह से नष्ट भ्रष्ट किया, विश्वभर में उसका कोई दूसरा उदाहरण सहसा ही स्मरण नहीं आता। आतंकी ठिकानों की विनाश और सैकड़ों आतंकियों के अर्थी एक साथ उठने से बौखलाए पाकिस्तान ने भारतीय शहरों, आम नागरिकों, पूजा स्थलों और सैन्य ठिकानों पर हमले करके जिस अदूरदर्शिता का परिचय दिया उसके बारे में क्या कहा ही कहा जाए।

पाकिस्तानी सेना के हमलों के प्रत्युत्तर में जब वीर भारतीय सैनिकों ने अपने हथियारों का रुख पाकिस्तान की ओर मोड़ा तो तीन ही दिन में पाकिस्तान दया की भिक्षा मांगने लगा। दुनिया में श्रेष्ठ सैनिकों में शामिल भारतीय सैनिकों ने जिस तरह पाकिस्तान के हमलों को कुशलता पूर्वक असफल किया और उसके सैन्य ठिकानों पर अचूक निशाना लगाया है, उससे विश्व की तमाम छोटी—बड़ी शक्तियां अवाक और संज्ञाशून्य की स्थिति में है। दोनों देशों के डीजीएमओ की बातचीत के बाद मौखिक संघर्ष विराम हो चुका है। पाकिस्तान की प्रवृति, चरित्र और इतिहास के आलोक में एक बात स्पष्ट तौर पर जान लीजिए, या गांठ बांध लीजिए, आज नहीं तो कल युद्ध तो होना ही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 मिनट के अपने सटीक, संतुलित और सारगर्भित संबोधन में पाकिस्तान के दुष्ट आचरण और दुष्प्रवृति को समस्त विश्व के समक्ष निरावृत करने में कोई कसर शेष नहीं छोड़ी। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से साहसी भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान को जितनी गहरे घाव दिये हैं, वो उसकी आने वाली संततियों को भी विस्मृत नहीं होंगे। वर्ष 1948, 1965, 1971 और 1999 में पाकिस्तान से हुए युद्ध में भारत ने पाकिस्तान को इतनी बुरी तरह से नहीं पीटा, जितना ऑपरेशन सिंदूर में उसको क्षति पहुंची है। जितने गहरे घाव उसे इस बार वीर भारतीय सैनिकों ने दिये हैं, वो अगर पूर्व में दिये गये होते तो यह दिन देखने की आवश्यकता नहीं होती। एक दृढ़ राजनीतिक इच्छा शक्ति के अभाव में पाकिस्तान हर बार बचता रहा। और हमारे सैनिक चाहकर भी पाकिस्तान को छोड़ते रहे। लेकिन वर्तमान में पीएम मोदी की सरकार ने जिस दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिचय दिया है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए वो कम ही है।

साहसी भारतीय सेना के हमलों से हो रहे प्रत्यक्ष और संभावित नुकसान के दृष्टिगत पाकिस्तान अपने आका अमेरिका की शरण में गया, लेकिन उसे वहां से भी कोई संतोषप्रद आश्वासन प्राप्त नहीं हुआ। अंततोगत्वा पाकिस्तान के मिलट्री ऑपरेशन के डीजी ने अपने भारतीय समकक्ष से संपर्क साधा। भारतीय सेना ने अपने संकल्पों, नियमों और इच्छा अनुकूल संघर्ष विराम की उद्घोषणा की।

संघर्ष विराम का क्रेडिट लेने का भरपूर प्रयास अमेरिका और उसके राष्ट्रपति ट्रम्प ने किया। लेकिन भारतीय सेना की ब्रीफिंग और पीएम मोदी के संबोधन ने अमेरिका के सारे दावों की वायु निकाल दी।

एक प्रसिद्ध कहावत है, चोर चोरी से जाए, हेरा फेरी से न जाए। और पाकिस्तान ही वह चोर है, जो हेरा फेरी से बाज नहीं आएगा। संघर्ष विराम की घोषणा के बाद भी उसके आचरण में अधिक परिवर्तन देखने को नहीं मिला। इसलिए भारत सरकार और पीएम मोदी ने स्पष्ट संदेश पाकिस्तान को दिया है कि भविष्य में आतंक की घटना को युद्ध माना जाएगा।

पाकिस्तान अपने चरित्र के अनुरूप आचरण करेगा, यह मेरा ही नहीं, हर जागरूक नागरिक का अटल विश्वास है। भारतीय नीति और विचार यह है कि हमारे लिए आतंकवाद समाप्त हो जाए तो हमारा संघर्ष और युद्ध समाप्त हो जाएगा। उसे हम अपनी जीत मान लेंगे। लेकिन पाकिस्तान के लिए यह लड़ाई कभी समाप्त नहीं होगी क्योंकि उसका वास्तविक लक्ष्य है भारत को मिट्टी में मिलाना है। उसका जन्म ही भारत से घृणा के आधार पर हुआ है।

## पर्सनालिटी

# मराठा साम्राज्य के वीर योद्धा थे संभाजी महाराज

**मराठा साम्राज्य के वीर और साहसी योद्धा संभाजी महाराज ने इतिहास के पन्नों पर तलवार की नोक से साहस की अद्भुत गाथा लिखी है। वह एक अद्वितीय योद्धा और कुशल राजनीतिज्ञ भी थे। छोटी उम्र में ही संभाजी को युद्ध अभियानों और राजनीतिक चालों का अनुभव हो गया था।**

14 मई को छत्रपति संभाजी महाराज का जन्म हुआ था। वह मराठा साम्राज्य के वीर और साहसी योद्धा थे। संभाजी महाराज सिर्फ एक योद्धा नहीं बल्कि विद्वान, धार्मिक सहिष्णुता और वीरता के भी प्रतीक थे। राजकुमार होने के नाते छोटी उम्र में ही संभाजी को युद्ध अभियानों और राजनीतिक चालों का अनुभव हो गया था। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर संभाजी महाराज के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

महाराष्ट्र के पुरंदर किले में 14 मई 1657 को संभाजी महाराज का जन्म हुआ था। वह मराठा सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज और सईबाई के पुत्र थे।

संभाजी महाराज की देखभाल उनकी दादी राजमाता जीजाबाई ने की थी। हालांकि उनकी सौतेली मां पुतलीबाई भी उनसे स्नेह रखती थीं। लेकिन संभाजी की सौतेली मां सोयराबाई ने उनके राजनीतिक जीवन में कई बार दखल किया। संभाजी को संस्कृत, मराठी, फारसी और हिंदी भाषा में दक्षता हासिल थी। वह एक विद्वान होने के साथ लेखक भी थे।




### औरंगजेब की कैद से भाग निकले संभाजी

संभाजी महाराज बहादुर होने के साथ चतुर राजनीतिज्ञ भी थे। उन्होंने राजनीतिक बारीकियों को बहुत अच्छे से आत्मसात किया था। महज 9 साल की उम्र में शिवाजी महाराज उनको अपने साथ यात्रा पर ले गए। संभाजी की सोच थी कि अगर वह छोटी उम्र में मुगल दरबार की घटनाओं और राजनीति के बारे में जानकारी प्राप्त कर लेंगे, तो यह भविष्य में उनके लिए उपयोगी साबित होगी। औरंगजेब के इशारे पर शिवाजी महाराज और संभाजी को कैद करने का प्रयास किया गया, लेकिन शिवाजी और संभाजी फलों की टोकरी में छिपकर वहां से भाग निकले।

### मुगलों से संघर्ष

संभाजी महाराज 1681 में मराठा साम्राज्य के दूसरे छत्रपति बने थे। उन्होंने अपने शासनकाल में सिद्धी, पोर्तुगीज, मुगलों और अन्य दुश्मनों से कई बार युद्ध किया और मराठा साम्राज्य की रक्षा की। वहीं उन्होंने कई वर्षों तक औरंगजेब की विशाल सेना से युद्ध किया। संभाजी के नेतृत्व में मुगल सेना कई बार पीछे हटने को मजबूर हुई।

### मृत्यु

हालांकि 1689 में औरंगजेब की सेना ने संभाजी को पकड़ लिया और उनसे इस्लाम धर्म कुबूल करने का आदेश दिया, लेकिन संभाजी महाराज ने धर्म परिवर्तन करने से इंकार कर दिया। जिस पर औरंगजेब की तरफ से उनको तरह-तरह की यातनाएं दी गईं। वहीं 11 मार्च 1689 को संभाजी के सिर को कलम कर दिया गया।

## आज का इतिहास

### 15 मई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

1995 - एलीसन गारग्रीब्स बिना आक्सीजन सिलीडंर के एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचने वाली पहली महिला बनीं।
1999 - कुवैती सरकार द्वारा महिलाओं को संसदीय चुनावों में मताधिकार का हक प्रदत्त।
2001 - इटली में दक्षिणपंथी गठबंधन को बहुमत।
2002 - संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने इराक पर प्रतिबंधों का अनुमोदन किया।
2003 - इराक युद्ध में अमेरिकी सेनाओं के कमांडर टामी फ्रैंक्स के ख़िलाफ़ ब्रुसेल्स की अदालत में युद्ध सम्बन्धी मुकदमा दायर।
2005 - 20 साल के बाद कनाडा में भारत का विमान उतरा।
2008 - श्रीलंका सरकार ने आतंकवादी संगठन लिट्टे पर प्रतिबन्ध दो साल के लिए बढ़ाया। भारतीय मूल की मंजूला सूद ब्रिटेन में मेयर बनने वाली पहली एशियाई महिला बनीं।

### 15 मई को जन्मे व्यक्ति

1817 - देवेन्द्रनाथ ठाकुर, प्रख्यात विद्वान् और धार्मिक नेता
1897 - अल्लूरी सीताराम राजू - प्रसिद्ध दक्षिण भारतीय स्वतंत्रता सेनानी
1907 - क्रान्तिकारी सुखदेव - महान् क्रांतिकारी शहीद।
1923 - जॉनी वॉकर, भारतीय हास्य अभिनेता।
1933 - टी. एन. शेषन - भारत के भूतपूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त।
1965 - माधुरी दीक्षित नेने - बालीवुड अभिनेत्री।



1957 - सुशील चन्द्रा - भारत के 24वें मुख्य चुनाव आयुक्त हैं।
1991 - श्रीमती एडिथ क्रेसन फ़्रांस की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं।
1926 - महेन्द्रनाथ मुल्ला - भारतीय नौसेना के जांबाज अफसरों में एक।
1892 - हरि विनायक पाटस्कर - भारतीय राजनीतिज्ञ तथा मध्य प्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल।

### 15 मई को हुए निधन

1958 - यदुनाथ सरकार - प्रसिद्ध इतिहासकार।
1991 - कालिंदी चरण पाणिग्रही - प्रसिद्ध उड़िया कवि, उपन्यासकार, कहानीकार, नाटककार और निबंधकार थे।
1993 - के.एम. करिअप्पा - भारत के 'प्रथम आर्मी कमाण्डर इन चीफ़'।
1998 - राधिका रंजन गुप्ता - भारतीय राजनीतिक दल जनता पार्टी के राजनेता थे।
2010 - भैरोंसिंह शेखावत - राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री व भारत के उपराष्ट्रपति
2017 - सुब्रमण्यम रामास्वामी - भारतीय राज्य पुदुचेरी के भूतपूर्व चौथे मुख्यमंत्री थे।

आवश्यकता है

आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।

9456884327/8218179552

# अखिल भारतवर्षीय श्री वैश्य बारहसैनी महासभा का दिल्ली में जोरदार स्वागत

» हनी चन्द्रा/ सब का सपना



**चंदौसी/सम्भल।** दिनांक 27 अप्रैल 2025 को अलीगढ़ में सम्पन्न हुए अखिल भारतवर्षीय श्री वैश्य बारहसैनी महासभा के चुनाव में इंजी. सुशील वार्ष्णेय (प्रधान) और उनकी पूरी टीम को प्रचंड बहुमत से विजयी घोषित किया गया था

इंजी. सुशील वार्ष्णेय और उनकी नव निर्वाचित समस्त पदाधिकारियों का स्वागत और सम्मान श्री वार्ष्णेय भवन, शालीमार बाग, दिल्ली में समस्त वार्ष्णेय समाज राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली द्वारा आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में नव निर्वाचित प्रधान दिल्ली से इंजी. सुशील वार्ष्णेय, अलीगढ़ से महामंत्री योगेश गुप्ता एलआईसी, अलीगढ़ से कोषाध्यक्ष डॉ. चंद्र शेखर ऋषि, बबराला से संगठन मंत्री एड. विनय कुमार वार्ष्णेय, एटा से प्रचार मंत्री आलोक कुमार वार्ष्णेय, पूर्व कोषाध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता, आर्थिक सहायता कोष के चेयरमैन सी ए गौरव वार्ष्णेय, अक्रूरधाम गोपीनाथ फाउंडेशन मथुरा वृन्दावन के महामंत्री सुधीर कुमार वार्ष्णेय एवं महिला महासभा की राष्ट्रीय प्रधान सुनीता वार्ष्णेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ सभी अतिथियों द्वारा अक्रुरजी माल्यार्पण के बाद दीप प्रज्वलन कर किया गया। सभी अतिथियों को मंचासीन कराया गया। अक्रूर वंदना के साथ कार्यक्रम विधिवत् प्रारंभ हुआ। सर्वप्रथम महासभा के प्रधान इंजी. सुशील वार्ष्णेय ने अपनी समस्त टीम के साथ अपनी विजयी परंपरा को निभाते हुए महासभा जोन 07 (गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर एवं मेरठ) के उपप्रधान ओंकार गुप्ता, मंत्री अशोक वार्ष्णेय, सभासद अनिल वार्ष्णेय एवं पुनीत शरद और जोन 14 (संपूर्ण राज्य दिल्ली एवं नई दिल्ली) के उपप्रधान मुकेश गुप्ता जाली वाले, मंत्री अरविंद वार्ष्णेय, सभासद मनोज गुप्ता एवं चंद्रकांत वार्ष्णेय सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत और सम्मान करते हुए उन सभी का आभार व्यक्त किया। तदोपरांत केंद्रीय पदाधिकारियों ने अपने सभी क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ मिलकर उपस्थित मतदाताओं और सजातीय बंधुओं और मातृ शक्ति का उनके पैनल को पूर्ण समर्थन देने के लिए हृदय की गहराइयों से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए पटके पहना का सम्मान किया।

राष्ट्रीय प्रधान इंजीनियर सुशील वार्ष्णेय ने अपनी इस प्रचंड जीत के लिए अपने क्षेत्र के सभी सजातीय बंधुओं का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं और मेरी टीम आपके इस समर्थन के लिए हमेशा आपकी ऋणी रहेगी। आपसे जो समाजहित में वायदे किए हैं उन्हें पूरा करने के लिए सदा कृत संकल्प रहेगी। अब प्रारंभ हुआ महासभा की राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद के क्षेत्र 07, क्षेत्र 14 महासभा की नव निर्वाचित टीम एवं समस्त वार्ष्णेय समाज के द्वारा प्रचंड, ऐतिहासिक, रिकॉर्ड तोड़ बहुमत से जीती अखिल भारतवर्षीय श्री वैश्य बारहसैनी महासभा की नव निर्वाचित टीम का भव्य और बहुत ही सुंदर तरीके से स्वागत और सम्मान समारोह किया। स्वागत करने वालों की इतनी लंबी कतार थी कि खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही थी। कार्यक्रम में मातृ शक्ति की भी रिकॉर्ड तोड़ भागीदारी थी।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद की लगभग चालीस संस्थाओं के पदाधिकारियों ने स्वागत और सम्मान समारोह को चार चांद लगा दिए। सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शाल उड़ाकर व प्रतीक चिन्ह देकर फूलों की मालाओं से लाद दिया गया। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे बंधुओं का भी स्वागत और सम्मान किया गया। कार्यक्रम में लगभग 200 वार्ष्णेय समाज के बंधुओं और मातृ शक्ति की उपस्थिति में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद की अधिकतम संस्थाओं के पदाधिकारी एवं सदस्यों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन मनोज गुप्ता, अरविंद वार्ष्णेय एवं ओमकार गुप्ता द्वारा किया गया। अंत में मुकेश गुप्ता जाली वालों ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद किया और भोज पर आमंत्रित किया।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से लाभ प्राप्त कर युवाओं ने बताई सफलता की कहानी



» सब का सपना संवाददाता

**अमरोहा:** उ0प्र0 सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से 05 लाख रू0 का ऋण प्राप्त कर युवाओं ने स्वयं अपना रोजगार स्थापित कर स्वावलम्बी बनकर सफलता की कहानी बताई और मा0 मुख्यमंत्री जी का आभार जताया। इन लाभार्थियों में मानषी निवासी ग्राम-रहरा जिसने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत रू0 500000.00 (रूपये पांच लाख मात्र) ब्युटी पार्लर हेतु ऋण प्राप्त किया तथा अपने ब्युटी पार्लर का सुचारू रूप से संचालन किया और दो लोगों को रोजगार भी दिया। इसी प्रकार अनिल कुमार ग्राम शेखुपुरा, द्वारा जन सेवा केन्द्र हेतु 05 लाख रू0 का ऋण लिया तथा अपने इकाई का सुचारू रूप से संचालन कर दो लोगों को रोजगार भी दिया। राज कुमारी ग्राम अल्लीपुर खादर द्वारा आटा चक्की हेतु 05 लाख रू0 का ऋण आटा चक्की के लिया सुचारू रूप से संचालन कर चार लोगों को रोजगार दिया। विजेन्द्र सिंह निवास शेखपुर माफी द्वारा पैथालॉजी लैब हेतु 05 लाख रू0 का ऋण प्राप्त कर पैथालॉजी लैब का संचालन कर तीन लोगों को रोजगार दिया और अजय कुमार, ग्राम-गनौरा द्वारा घानी ऑयल मिल हेतु 05 लाख रू0 का ऋण प्राप्त घानी ऑयल मिल का संचालन कर दो लोगों रोजगार दिया। इस प्रकार जनपद के बड़ी संख्या में युवाओं ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत 05 लाख रू0 का ऋण लेकर अपनी योग्यता, कौशल और इच्छा के अनुसार रोजगार प्राप्त कर स्वावलम्बी बने और दूसरो को भी रोजगार दिया। सभी लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री उ०प्र० योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उत्तर प्रदेश शासन की बहुत ही महत्वांकाक्षी योजना है, हर युवा इस योजना से जुड़कर लाभ उठाए और आगे बढ़े।

## पुलिस ने जनसेवा केंद्र संचालकों के साथ की बैठक



» सब का सपना संवाददाता

**मंडी धनौरा ।** बुधवार को थाना परिसर में पुलिस ने जन सेवा केंद्र संचालकों के साथ बैठक की बैठक के दौरान पुलिस ने सभी जनसेवा केंद्र संचालकों को अपनी अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने की हिदायत दी व कैश के लेन देन को लेकर सावधानी बरतने के भी दिशा निर्देश दिए। किसी भी प्रकार की घटना होने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने को कहा गया। मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि थाना परिसर में नगर के जनसेवा केंद्र संचालकों को बुलाकर बैठक की गई थी। जिसमें सभी को सीसीटीवी लगाने व कैश के लेन देन को लेकर सावधानी बरतने की हिदायत दी गई है।

## सेंट मैरी कान्वेंट स्कूल की छात्रा अनन्या यादव ने 97.8% अंक प्राप्त कर जिले में किया नाम रोशन

» सब का सपना संवाददाता



**अमरोहा:** सीबीएसई बोर्ड द्वारा जारी इंटरमीडिएट व हाई स्कूल की परीक्षा परिणामों में सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल का शानदार प्रदर्शन रहा है। वही कक्षा 10 की छात्रा अनन्या यादव ने बोर्ड परीक्षा में 97.8 % अंक प्राप्त कर जिले में पांचवा स्थान प्राप्त हासिल किया। जिन्होंने जनपद में पांचवा स्थान प्राप्त कर अपना अपने परिवार का ही नहीं बल्कि स्कूल का नाम जनपद में रोशन किया है।

इस दौरान स्कूल के प्रबंधक और प्रधानाचार्य ने अनन्या को मिठाई खिलाकर ढेर सारी शुभकामनाएं दी। इस दौरान आज अनन्या यादव के परिजनों और रिश्तेदारों ने उनके अपने आवास मोहल्ला मोती नगर में पहुंच कर फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया और इसी के साथ मिठाई खिलाकर उन्हें ढेर सारी बधाई दी।

हालांकि अनन्या यादव का सपना है कि वह पढ़ लिख कर आईएएस अफसर बनना चाहती हैं। उनका कहना है कि वह अपना मार्गदर्शक अपने मामा राहुल यादव (आईएएस) को मानती हैं। वह आईएएस बनाकर गरीब लोगों एवं देश की सेवा करना चाहती हैं।

जबकि अनन्या यादव के पिता कपिल कुमार त्रिवेणी शुगर मिल खतौली सीनियर मैनेजर है। और माता नीरज यादव अमरोहा शहर के राजकीय इंटर कॉलेज में गणित विषय की सहायक अध्यापिका है। जिनके दो बच्चे हैं। जिनका दूसरा बेटा विवान यादव कक्षा सातवीं का छात्र है। पिता कपिल कुमार और माता नीरज यादव अपने बच्चों को उच्च कोटि की शिक्षा देकर उच्च पदों पर सेवारत देखना चाहती हैं। जिससे कि उनके बच्चे पढ़ लिखकर समाज सेवा कर सकें।

### जिलाधिकारी ने की सी एम डैशबोर्ड की समीक्षा

## खराब रैंकिंग वाले विभागों के अधिकारियों का रोका वेतन

» सब का सपना संवाददाता



**अमरोहा :** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में विभागीय रैंक व लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति की समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी विभागों से एक-एक करके पिछले माह में रैंकिंग और लक्ष्य के सापेक्ष वर्तमान प्रगति की जानकारी ली ।

स्थापना औद्योगिक विकास, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक , आबकारी,खाद्यय एवं रसद , गेहूं खरीद , राजस्व विभाग, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, आईजीआरएस, वित्त के अंतर्गत सरकारी कर राजस्व समेकित और सरकारी-गैर कर राजस्व समेकित में सी, डी और ई रैंक प्राप्त करने वाले विभागों के अधिकारियों के तत्काल प्रभाव से वेतन रोकने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग अपने लक्ष्य को चेक कर लें कोई दिक्कत है तो विभाग स्तर पर बात करें । कोई भी हो रैंकिंग सुधरनी चाहिए फीडिंग की कोई दिक्कत है तो अपडेट कर उसको ठीक कर लें । जिलाधिकारी ने कहा कि यदि लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धि नहीं प्राप्त हुई और रैंक बिगड़ती है तो कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर उपनिदेश कृषि राम प्रवेश सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी बबिता, अधिशासी अभियंता pwd सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## एसीएमओ ने किया 'आस्था हॉस्पिटल' सील

### बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे अस्पतालों , अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर गिरेगी गाज

» सब का सपना संवाददाता



**गजरौला/अमरोहा:** जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (ACMO) ने गजरौला में संचालित 'आस्था हॉस्पिटल' को सील कर दिया है। यह कार्यबाई अस्पताल में लगातार मिल रही गंभीर शिकायतों और मानकों की अनदेखी के चलते की गई है। एसीएमओ ने साफ कहा है कि बिना पंजीकरण और निर्धारित मेडिकल मानकों को पूरा किए बगैर जनपद में कोई भी अस्पताल, पैथोलॉजी लैब या अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालित नहीं किया जा सकता।

ज्ञात रहे कि स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है वहीं एसीएमओ का कहना है कि भविष्य में भी ऐसी सभी संस्थाओं पर सख्त कदम उठाए जाएंगे। स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर लापरवाही और नियमों की अनदेखी किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## वृद्ध आश्रम की व्यवस्थाओं से अंसतुष्ट जिलाधिकारी ने NGO के अध्यक्ष को लगाई फटकार

» सब का सपना संवाददाता



**अमरोहा:** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने समाज कल्याण विभाग द्वारा अमरोहा में संचालित वृद्ध आश्रम का मौके पर जाकर निरीक्षण किया और NGO ग्राम उद्योग संस्थान के अध्यक्ष व सदस्यों की बैठक ली गयी । एनजीओ के द्वारा दी जा रही सुविधाओं और व्यवस्थाओं से असंतुष्ट जिलाधिकारी ने एनजीओ के अध्यक्ष पर नाराजगी व्यक्त कर कड़ी फटकार लगाई। जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को NGO को चेंज करने के लिए विभाग को पत्र लिखवाने के निर्देश दिया। कहा कि संस्था 2018 से कार्य रही है किंतु कोई भी संतोषजनक कार्य नहीं किया जा रहा है । जिलाधिकारी ने वृद्ध आश्रम में एक व्यक्ति पर एक माह पर कितना खर्च होता है वित्त से सम्बंधित कार्मिक से जानकारी ली । किंतु कोई वित्त सम्बधी जानकारी नहीं मिल सकी । कितने सुरक्षा कर्मी हैं,कितने सफाई कर्मी हैं कितने सेवा दार हैं और कौन कौन से कर्मचारी क्या कार्य कर रहे हैं जानकारी ली और मौके पर बुलाकर कितनी सैलरी मिलती है परिवार कहां रहता है जानकारी ली ।जिसमे अनेक खामियां संज्ञान में आई। बोला जो सुरक्षाकर्मी लगाए गए हैं उनके पास ना कोई यूनिफॉर्म है ना आईडी है । सुरक्षा के कोई सही इन्तजाम नहीं हैं , वित्त सम्बन्धी कार्मिक को न तो कोई जानकारी है और न ही कोई लेखा रजिस्टर बनाया गया है लापरवाही की जा रही है। एनजीओ द्वारा कोई भी व्यवस्था ठीक तरह से नहीं दी जा रही है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा कई बार व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश देने के बावजूद भी स्थिति में सुधार नहीं हो रहा है यह कड़ी लापरवाही है। कहा यह किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने आवासीय महिला आवासीय पुरुष शौचालय भोजन पानी की व्यवस्था चिकित्सा सहित अन्य व्यवस्थाओं को परखा। मौके पर उपस्थित अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण होता रहे आयुष्मान सहित स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से संतृप्त करें। इसी प्रकार पेंशन से सभी वृद्ध आश्रम में ठहरे बुजुर्गों को संतृप्त किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मेन्यू को अनुसार भोजन और नाश्ता दिया जाए भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि कैमरे की संख्या बढ़ाई जाए फायर ऑडिट की व्यवस्था हो। कहा कि बुजुर्गों के मनोरंजन के लिए अच्छी सुविधा हो । जिला अधिकारी ने मौके पर पहुंच बुजुर्ग महिला और पुरुषों से एक-एक करके बातचीत किया और भोजन नास्ता पानी चिकित्सा समय से मिल रहा है या नहीं कोई दिक्कत तो नहीं है खुश हैं जानकारी ली और खुश रहकर सत्संग करने और प्रभु का स्मरण करने की बात कही। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अमरोहा सुधीर कुमार क्षेत्राधिकारी अमरोहा जिला समाज कल्याण अधिकारी पंखुड़ी जैन सहित अन्य संबंधित अधिकारी एनजीओ के अध्यक्ष सदस्य मौजूद रहे।

# सामुदायिक शौचालय के आधा अधूरे कार्य से ग्रामीणों में रोष

**सब का सपना संवाददाता**



**मूंढापाडे।** सरकर की जन-कल्याणकारी योजनाओं को आम जनता का पहुंचाने के लिए जहां करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। वहीं ग्राम पंचायत रनियाठेर में आधा अधूरा कार्य होने से ग्रामीणों में रोष है। उत्तर प्रदेश सरकार की विकास योजनाओं का ग्राम प्रधान और ग्राम सचिव मिलकर जमकर पलीता लगा रहे हैं।

सरकार द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत में बनवाये जा रहे लाखों रुपए की लागत से सामुदायिक शौचालय में मिली भगत से जमकर झोलझाल कर कागजों में संचालन दर्शाकर सरकार की आंखों में धूल झोंक रहें हैं,जबकि जमीनी हकीकत कुछ ओर है।

विकास खंड मूंढापांडे की ग्राम पंचायत रनियाठेर में सामुदायिक शौचालय आधा अधूरा स्थिती में निमार्ण कर दिया जिसमें दरवाजे और पानी की सप्लाई तक नहीं हुई तथा सेफ्टी टैंक को मल-मूत्र संग्रह करने के लिए पाइप को नहीं जोड़ा गया।

बने हुए लगभग छह माह से अधिक समय बीत चुका है एवं पंचायत भवन जर्जर स्थिती में है जिसमें मैन गेट तक नही बन पाया ग्रामीणों का कहना है जब से बना है शौचालय अभी तक संचालित नही हुआ है पंचायत सचिव ने कार्य पूर्ण न कराने का ठीकरा ग्राम प्रधान पर फोड़ दिया।

> **इस संबंध में सचिव को कार्य पूर्ति करने के लिए कई बार लिखित रूप से सूचित किया जा चुका है परंतु संज्ञान नही लिया**
> **देवेश कन्हैया**
> **एडीओ पंचायत**

# ई-कचरा जलाते हुए पुलिस ने दो को पकड़ा

### नगर पंचायत में भी धडल्ले से जल रहा है ई-कचरा

**सब का सपना संवाददाता**



**भोजपुर।** वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, इलेक्ट्रॉनिक प्रदूषण को रोकने के लिए सरकार के तमाम उपाय फेल होते नजर आ रहे हैं। नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर से सटे गांवों में ई-कचरा धडल्ले से जल रहा है। उप निरीक्षक अंकुर चौधरी ने गश्त के दौरान गांव बसावनपुर के जंगल में ई-कचरा जला रहे दो युवकों को हिरासत में लेकर चालान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक के मुताबिक गश्त के दौरान रात को दस बजे पुलिस को गांव बसावनपुर और सिढ़लऊ के बीच आसमान में आग की लपटें और धुआं उड़ता दिखाई दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गांव बसावनपुर निवासी आलम पुत्र नजर हुसैन और शाने आलम पुत्र रिहान को तालाब के किनारे ई-कचरा जलाते रंगे हाथों पकड़ लिया।

मौके से भारी मात्रा में जला अधजला ई-कचरा कब्जे में लेकर बोरियां में भरकर थाने में लाकर जमा कर दिया। आरोपियों के खिलाफ ई-कचरा जलाकर वातावरण को दूषित करने के आरोप में केस दर्ज कर चालान कर दिया।

ज्ञात हो नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर में रात के अंधेरे का फायदा उठाकर ई-कचरा माफिया लगातार ई-कचरा जला रहे हैं। जिससे इलेक्ट्रॉनिक प्रदूषण से बीमारियां उत्पन्न हो रही है।

# स्वच्छ पर्यावरण को लेकर प्रतियोगिता का आयोजन

**सब का सपना संवाददाता**

**मुरादाबाद।** अपेक्स इंटरनेशनल स्कूल कांठ रोड वार्ड पांच के ज़ोन 06 में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजन हुआ। नगर निगम मुरादाबाद की आईईसी टीम ने बुधवार को नगर निगम मुरादाबाद की आईईसी टीम द्वारा वार्ड 05 स्थित अपेक्स इंटरनेशनल स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी रचनात्मकता को रंगों के माध्यम से प्रस्तुत किया। बच्चों की कलाकृतियाँ न केवल उनके सोचने की शक्ति को दर्शाती है। बल्कि यह भी बताती है। कि अगली पीढ़ी स्वच्छ और हरित भारत के निर्माण के लिए कितनी जागरूक है। नगर निगम मुरादाबाद सभी प्रतिभागियों, स्कूल प्रशासन और शिक्षकों का आभार प्रकट किया। जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाया।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्राम महमूदपुर लाल में चोरी को अंजाम देकर चोर फरार,पुलिस जुटी जांच में



**सब का सपना संवाददाता**

**डिलारी।** वादी इकरार हुसैन पुत्र दिलावर हुसैन निवासी ग्राम महमूदपुर लाल थाना डिलारी मुरादाबाद ने थाना प्रभारी निरीक्षक डिलारी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि रात्रि में अपने परिवार के साथ घर में सोया हुआ था। करीब रात को एक बजे आठ अज्ञात चोर घर में नकब लगाकर घुस आये। और सभी लोगों के मुहँ पर ढाटे लगे हुये थे। तथा सैफ आलमारी से सोने का एक हार, एक पेन्डिल, चार जोडी की चीजे, एक जोडी बाली, चार जोडी टोक्स चाँदी की 3 जोडी पायल, एक बच्ची की पायल, एक पेंडिल, एक अगूठी व 30000 रूपये निकालने लगे तो मेने विरोध किया तो उपरोक्त लोगों ने मुझे लात घूसो से मारा पीटा इतने में मेरे भाई रिजवान बहन सायवा व मेरी बीबी राशिद उठ गये। तथा अज्ञात चोरो ने सभी परिवार वालो को कमरे मे बन्द कर दिया और धमकी देकर चले गये कि यदि तुमने इस घटना के बारे में कोई कार्यवाही की तो तुम लोगो को जान से मार देगे इसकी सूचना हमने डायल 112 को दी मौके पर पुलिस पहुंच गयी थी। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

### क्षेत्राधिकार अधिकारी द्वारा बीट बुक चेक किए गए

**सब का सपना संवाददाता**

**मैनाठेर।** बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशानुसार, क्षेत्राधिकारी बिलारी मुरादाबाद द्वारा थाना मैनाठेर पर पुलिसकर्मियों की बीट बुक चेक कर, बीट प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए नियमित रूप से अपनी बीट क्षेत्र में भ्रमण करने एवं बीट बुक को अद्यावधिक रखने आदि के संबंध में निर्देशित किया गया।

### कच्ची शराब साथ युवक को पकड़ा

**सब का सपना संवाददाता**

**भोजपुर।** बुधवार को उप निरीक्षक माहिर अब्बास ने धारक नंगला तिराहे से हिमायूंपुर को जाने वाली सड़क किनारे खड़े गांव सिढ़ावली निवासी मोनू पुत्र गजेन्द्र को दस लीटर कच्ची शराब समेत पकड़कर चालान कर दिया। आरोपी उत्तराखंड से कच्ची शराब लाकर गांवों में बेचने का धंधा करता है।

### बिलारी पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा के नियमों प्रति किया जागरूक

**सब का सपना संवाददाता**


**बिलारी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल मुरादाबाद के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में थाना बिलारी पुलिस द्वारा सेल्फी प्वाइन्ट बनाकर लोगो को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक कर शपथ दिलाई गई तथा सड़क सुरक्षा प्रचार प्रसार हेतु सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु अपील की गयी।

# उपचार के दौरान हुई विवाहिता की मौत

### पति सहित सास-ससुर पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

**सब का सपना संवाददाता**

**भोजपुर।** ग्राम देवीपुरा में हुई विवाहिता की मौत में नया मोड़ आ गया है। बुधवार को पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर पर पति,सास-ससुर के खिलाफ दहेज में आल्टो कार की मांग पूरी नही होने पर स्लो पोइजन देकर हत्या करने के आरोप में केस दर्ज किया है। जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतका के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले। मौत की वजह लीवर संक्रमित होना आया है। सोमवार को गांव देवीपुरा निवासी रोहिताश की पत्नी मीनू जौशी की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। बहन की मौत पर जिला बिजनौर के जौशियान स्योहारा निवासी गौरव जोशी ने पति रोहिताश,सास सरोज देवी और ससुर कामेश जौशी पर बहन की हत्या करने का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर पुलिस को बुला लिया था। मंगलवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह लीवर का संक्रमित होना सामने आया है। बुधवार को मृतका के भाई गौरव जौशी की तहरीर पर पुलिस ने बहन के बीमार होने पर इलाज में लापरवाही बरतने और दहेज के लिए दूसरा विवाह करने के उद्देश्य से बहन को स्लो पाइजन देकर मौत के घाट उतारने के आरोप में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया। वादी ने बहन के ससुरालियों पर घरेलू सामान आदि खरीदने के बहाने दस-बीस हजार करके ढाई-तीन लाख रुपए नकदी लेने का भी आरोप लगाया है। केस की विवेचना डिप्टी एसपी ठाकुरद्वारा रूद्र प्रताप सिंह कर रहे हैं।



# सारा हुसैन ने किया सीबीएसई हाईस्कूल में टॉप मुबारकबाद देने वालों का लगा घर पर तांता

### सारा हुसैन चिकित्सक बनकर गरीबों का करेंगी निःशुल्क इलाज

**सब का सपना संवाददाता**

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद के थाना नागफनी निवासी स्व.खावर हुसैन की पुत्री सारा हुसैन खावर ने सीबीएसई बोर्ड में हाई स्कूल की परीक्षा में स्कूल टॉप किया हैं। सारा के रिजल्ट के बाद उनके घर पर खानदान व अन्य रिश्तेदारों का बधाई देने के लिए तांता लग गया।

मुरादाबाद के थाना नागफनी निवासी स्व. खावर हुसैन की पुत्री सारा हुसैन सेंट मैरिस सीनियर सेकेंड्री स्कूल में पढ़ाई करती हैं। सारा ने इस बार हाईस्कूल के पेपर दिये थे जिसमें आज सीबीएसई बोर्ड का रिजल्ट आया हैं।



सारा ने 98 प्रतिशत अंक पाकर पूरे स्कूल में टॉप किया हैं जिसके बाद स्कूल की प्रधानाचार्य व अध्यापिकाओं सहित खानदान व अन्य रिश्तेदारों ने सारा के घर जाकर बधाई देना शुरू की जो देर रात तक चलती रहीं।

सारा हुसैन शुरू से ही पढ़ाई में अव्वल आती हैं। कठिन परिश्रम, मेहनत व लगन के चलते आज सारा ने अपने परिवार का नाम पूरे जिले में रौशन कर दिया। सारा ने बताया कि वह एक योग्य चिकित्सक बनना चाहती है।

चिकित्सक बनने के बाद वह गरीबों का निःशुल्क उपचार करेंगी और समाज सेवा में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेगी ताकि निचले तबके के लोगों को अच्छा और बेहतर उपचार मिल सके।

सारा ने बताया कि उनकी इस कामयाबी के पीछे उनकी माता सबा जिया का महत्वपूर्ण योगदान हैं तभी उन्होने इस उपलब्धि को हासिल किया हैं।

सारा को मुबारकबाद देने वालों में शुऐब सिद्दीकी, परवेज हसन, मसूद असलम, रऊफ हुसैन, समी उल्लाह, सना उल्लाह, नोमान जिया, फहद उल्लाह, अमान हसन, मुदस्सिर हसन, फरमान हुसैन, हुसैन वारसी, अरमान बारी, मुनीब हुसैन, डा. सफी उल्लाह, इबाद जिया, अदान जिया आदि मौजूद थे।

# क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आयोजन, प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य ने किया शुभारंभ



**सब का सपना संवाददाता**

**मुंढापांडे।** बुधवार को ग्राम खैरखाता पाडली बाजे में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर जाबिर हुसैन ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन दीपक शर्मा ग्राम प्रधान तथा प्रभाकर शर्मा के द्वारा संपन्न हुआ। इस दौरान नफीस अहमद, डॉक्टर रियाजुल, फजले आलम, सानिब आदि मौजूद रहे।

जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी डॉ जाबिर हुसैन वार्ड 34 ग्राम ख़ैरख़ाता में क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए उन्होंने युवाओं का हौसला अफजाई करते हुए क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए उनका हौसला अफजाई किया।

# मिशन रोड सेफ्टी अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को दिलाई शपथ



**सब का सपना संवाददाता**

**मुरादाबाद।** बुधवार को आर्य कन्या इंटर कॉलेज स्टेशन रोड बुध बाजार स्थित में मिशन सड़क सुरक्षा एवं रोड सेफ्टी अंतर्गत छात्राओं को जागरुक कर उनको शपथ दिलाई।

टीएसआई जसवीर सिंह द्वारा रोड सेफ्टी मिशन के अंतर्गत स्कूल के लगभग चार सौ विद्यार्थियों को रोड सेफ्टी नियमों के बारे में अवगत कराया।

प्रधानाचार्य डॉ वंदना सक्सेना की उपस्थिति में सभी विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। दो पहिया वाहन हेलमेट व चार पहिया वाहन सीट बेल्ट का पालन करेंगे। मोबाइल प्रयोग करते हुए वाहन नही चलाना है।

नशे का सेवन करके वाहन नही चलाना है, अधिक गति सीमा से वहां नहीं चलाना,ओवरटेक नहीं करना है। सड़क पर स्टंट नहीं करना है। घायल व्यक्ति की मदद करनी है। नाबालिग द्वारा वाहन नही चलाना है। इत्यादि नियमों से अवगत कराया साथ ही सभी बच्चों में पम्पलैट बांटकर उनको जागरूक किया गया।

> **जागरूकता ही रक्षा है,सावधानी ही सुरक्षा है जीवन अनमोल है।**
> **डॉ वंदना सक्सेना**

# महिला सुरक्षा दल द्वारा घरेलू हिंसा के बारे में दी गई जानकारी


**सब का सपना संवाददाता**



**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मुरादाबाद के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान फेज 05 बुधवार को महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी व महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, वन स्टाप सेन्टर 181,साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930,स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर 102,एम्बुलेन्स सेवा 108, जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय,राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। मिशन-शक्ति-अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा पुलिस की पाठशाला,चौपाल लगाकर जागरूकता के क्रम में महिलाओं,बालिकाओं को जागरुक किया गया ।

# परिवार परामर्श द्वारा विवादित दंपत्ति का कराया समझौता

**सब का सपना संवाददाता**



**मुरादाबाद।** परिवार परामर्श केंद्र नारी उत्थान केंद्र मुरादाबाद के अथक प्रयासों से पति-पत्नी का एक विवादित जोड़ा आपसी कलह भुलाकर साथ रहने के हुए सहमत।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के कुशल निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी कार्यालय के पर्यवेक्षण में प्रभारी नारी उत्थान केन्द्र अध्यक्षता तथा अनुभवी परामर्श दाता डॉ पूनम बंसल के माध्यम से परिवार परामर्श केंद्र नारी उत्थान केंद्र पुलिस लाईन्स मुरादाबाद में बुधवार को पति-पत्नी संबंधित पारिवारिक विवादों की काउंसलिंग के दौरान एक प्रार्थना पत्र में पक्षों की सहमति से सुलह समझौता कराया गया।

पत्र में दोनों पक्षों की पारिवारिक समस्याओं को सुनते हुए आपसी सहमति से समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा आपस में एक दूसरे को विश्वास दिलाया गया कि हम दोनों नवजीवन की नई शुरुआत करते हुए हंसी-खुशी अपना जीवन यापन करेंगे।

परिवार परामर्श द्वारा जोड़ों को नवजीवन की शुरुआत की शुभकामनाएं देते हुए समझाया गया कि बीती बातों को लेकर विवाद नहीं करेंगे। और आपस में प्यार से रहेंगे।

# 'हम छेड़ेंगे नहीं, लेकिन जो छेड़ेगा उसे छोड़ेंगे भी नहीं': मुख्यमंत्री योगी

## लखनऊ में मुख्यमंत्री ने 'भारत शौर्य तिरंगा यात्रा' का किया शुभारंभ, सैनिकों को समर्पित किया सम्मान

सब का सपना संवाददाता





**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के उपलक्ष्य में पूरे देश में 'भारत शौर्य तिरंगा यात्रा' का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 5-कालिदास मार्ग से किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश की तीनों सेनाओं के वीर जवानों को 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर बधाई दी और कहा, "हम किसी को छेड़ते नहीं हैं, लेकिन अगर कोई हमें छेड़ेगा तो उसे छोड़ा भी नहीं जाएगा। भारत की ओर जो उंगली उठाएगा, उसके जनाजे में रोने वाला भी कोई नहीं मिलेगा।" उन्होंने इस अभियान को भारत की सैन्य क्षमता और संप्रभुता की रक्षा में हमारी अटल प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। मुख्यमंत्री ने पाकिस्तान पर तीखा हमला करते हुए उसे "विफल राष्ट्र" करार दिया और कहा कि "पाकिस्तान ने 70-75 वर्षों में सिर्फ आतंकवाद को बढ़ावा दिया है और अब वही आतंकवाद एक दिन उसे निगल जाएगा। दुनिया ने देखा है कि वहां आतंकियों के जनाजों में नेता और सैन्य अधिकारी तक शामिल होते हैं।" मुख्यमंत्री ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सुरक्षा में लगे सैनिकों के प्रति सम्मान, आभार और कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा, "उत्तर प्रदेश में आज से तिरंगा यात्रा की शुरुआत हो रही है, जो हमारे सैनिकों को सर्वोच्च सम्मान देने के साथ-साथ राष्ट्रवाद की भावना को और प्रबल करने का माध्यम बनेगी।"उन्होंने उपस्थित जनता को भीषण गर्मी के बावजूद भारी संख्या में भाग लेने पर धन्यवाद दिया और कहा कि "यह उत्साह भारत के नागरिकों की देशभक्ति और हमारे जवानों के प्रति सम्मान का जीवंत प्रमाण है। यही भावना 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे अभियानों की सफलता का आधार बनती है।"

मुख्यमंत्री योगी ने आगे कहा, "प्रधानमंत्री मोदी जी का संकल्प है कि विकसित भारत की कल्पना तभी साकार होगी, जब हम 'राष्ट्र प्रथम' के भाव से कार्य करें। जब 140 करोड़ भारतीयों के मन में यही भावना उत्पन्न होगी, तब कोई भी शक्ति भारत को झुका नहीं सकेगी।

### उप्र : माध्यमिक स्कूलों में 5000 कंप्यूटर शिक्षकों की होगी भर्ती


लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के युवाओं को तकनीकी शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार ने माध्यमिक विद्यालयों में 5000 कंप्यूटर शिक्षकों की संविदा पर भर्ती का निर्णय लिया है।

प्राप्त विवरण के अनुसार पहले चरण में 5000 कंप्यूटर शिक्षकों की संविदा पर भर्ती की जाएगी। शिक्षा विभाग ने भर्ती का प्रस्ताव शासन को भेज दिया है, मंजूरी मिलते ही प्रक्रिया शुरू होगी। इस निर्णय के बाद कक्षा 9 से 12 तक कंप्यूटर साइंस को औपचारिक रूप से पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

## लबालब नालियां,जलभराव से दो दर्जन परिवार प्रभावित

### चिंताजनक! बीमारियों का बढता जा रहा खतरा

सब का सपना संवाददाता



- रविवार को हुई मामूली बरसात में ही गलियों में भर गया पानी,जिम्मेदार बेखबर

**लालगंज (रायबरेली)।** नगर पंचायत के घोसियाना मुहल्ले में जलनिकासी की समस्या गंभीर हो गई है।मोहल्ले के दो दर्जन से अधिक घरों के सामने गंदा व प्रदूषित पानी जमा है।जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।लगातार जलभराव से मच्छरजनित बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।वार्ड के सभासद ने नगर पंचायत प्रशासन को प्रार्थना पत्र देकर समस्या से निजात दिलाने का आग्रह किया है।मोहल्ले के लोगों का कहना है कि अभी तो बरसात ठीक तरीके से शुरू भी नहीं हुई।रविवार को हुई मामूली बरसात में ही गलियों में पानी भर गया।उन्होंने बताया कि मोहल्ला स्थित तालाबी जमीन को पाट दिया गया है।जिससे जलनिकासी अवरुद्ध हो गई है।वार्ड में यह समस्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है।लेकिन नगर पंचायत प्रशासन पूरी तरह चुप्पी साधे हुए है।सभासद राघवेन्द्र सूर्यवंशी ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में कई बार पत्र देकर व मौखिक रूप से अधिशासी अधिकारी से इसकी शिकायत की लेकिन अधिकारी जनसमस्याओं की अनदेखी कर रहे हैं।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समाधान नहीं निकला तो नगर पंचायत कार्यालय का घेराव किया जाएगा।श्री सूर्यवंशी ने यह भी बताया कि शासन के निर्देशानुसार बरसात से पहले नगर के नालों की सफाई और जलनिकासी व्यवस्था के लिए एक मई तक कार्ययोजना बनानी थी,लेकिन अब तक इस ओर कोई कदम नहीं उठाया गया है और न ही इस विषय में बोर्ड के सदस्यों को ही कोई जानकारी दी गई है। बाबूलाल सैनी,रसीद अहमद, मो. हलीम, प्यार मोहम्मद, मो. रियासत, बिट्टन, मो. शरीफ, जमीला, रजिया, मो. अनवर, वली मोहम्मद, नूर मोहम्मद ने प्रशासन से समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है। ईओ राजभान शुक्ला ने बताया कि नगर में नालियों की सफाई का कार्य शुरू कराया गया है।जिस वार्ड में ऐसी कोई ऐसी दिक्कत है तो उसे भी बरसात से पहले सुधारा जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला स्तरीय सलाहकार समिति एवं बैंकर्स समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न

- सभी योजनाओं के लंबित आवेदनों को स्वीकृत करें बैंक अधिकारी : डीएम
- सभी लम्बित आवेदनों को समय से निस्तारित करने के दिए निर्देश
- सीएम युवा उद्यमी योजना के अधिक से अधिक आवेदनों को बैंक करें स्वीकृत

**गोण्डा।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार एवं बैंकर्स समिति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जनपद के सभी बैंकर्स के पदाधिकारी एवं कृषि विभाग, उद्यान विभाग, केसीसी, फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, साइन अप इंडिया योजना, केसीसी रिन्यूअल, प्रीमियम, इंश्योरेंस, पीएमईजीपी योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एनआरएलएम विभाग, पीएम स्वानिधी योजना, किसान फसल बीमा, एनपीए बैंकर्स वसूली, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, सहित कई अन्य विभागों पर गहन समीक्षा की गई।
बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के सभी बैंकर्स अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लाभार्थियों के द्वारा किए गए लंबित आवेदनों को जल्द से जल्द स्वीकृत करते हुए निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उपरोक्त सभी विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित किया जाय, तथा अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराया जाए। बैठक में नाबार्ड विभाग से संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी योजनाओं से लाभार्थियों को लाभान्वित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, जिला अग्रणी बैंक अधिकारी अभिषेक रघुवंशी, डीसी एनआरएलएम जेएन राव, डीसी उद्योग बाबूराम, खादी ग्रामोद्योग विभाग गजेंद्र सिंह, डीडीएम नाबार्ड, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य इन्द्रजीत सिंह, प्रभारी उद्यान अधिकारी, सहित जनपद के सभी बैंकर्स के अधिकारीगण एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### संभागीय परिवहन कार्यालय की एकल खिड़की महज शोपीस

- संभागीय परिवहन कार्यालय में किसी भी काउंटर पर नहीं मिले जिम्मेदार, एआरटीओ प्रशासन ने साधा मौन

**गोंडा।** देवीपाटन मंडल मुख्यालय स्थित संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में वरिष्ठ नागरिकों व महिलाओं के कार्यों के संपादन के लिए संचालित एकल खिड़की अनाथ बना हुआ है।
बताते चलें कि शासन के निर्देश पर लगभग सभी कार्यालयों में एकल खिड़की स्थापित किया गया था जिससे कार्यालय में आने वाले वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं व पत्रकारों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो तथा सुविधाजनक तरीके से उनके कार्यों का निष्पादन हो सके परन्तु विगत लगभग छ: माह से एकल खिड़की शोपीस बना हुआ है।इसी तरह आज जब अपरान्ह 1.00 बजे समाचार पत्र प्रतिनिधि द्वारा कार्यालय का निरीक्षण किया गया तो विभाग में बने काउंटर संख्या एक से नौ तक संचालित काउंटर में से महज एक, सात, आठ व नौ नंबर काउंटर पर तैनात लिपिक अपना कार्य संपादित करते मिले वहीं अन्य काउंटरों पर सन्नाटा पसरा रहा। इस संबंध में एआरटीओ प्रशासन आर सी भारतीय से सम्पर्क कर जानकारी करने का प्रयास किया गया तो वह भी अपने कक्ष में उपस्थित नहीं रहे।

## महिला आयोग सदस्य ने महिला उत्पीड़न से संबंधित सुनीं शिकायतें

सब का सपना संवाददाता



**रायबरेली:** उ०प्र० राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी ने कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में महिलाओं उत्पीड़न व उनकी समस्याओं से जुड़े मुद्दो के बारे में अधिकारियों से समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने जन सुनवाई करते हुए घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, वैवाहिक समस्या, लैंगिक भेदभाव, शिक्षा व रोजगार आदि संबंधी शिकायत सुनी। उन्होंने महिला थाना अध्यक्ष, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा को निर्देश दिये कि सभी प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए पीड़ित महिलाओ को शीघ्र न्याय दिलाया जाए। निर्देश दिये कि महिलाओं के उत्पीड़न व महिला से जुड़ी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्ध तरीके से किया जाये तथा महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार ग्राम पंचायत व ग्रामीण स्तर पर कराया जाये। जिन प्रकरणों में अभी कार्यवाही लंबित है उन्हें भी आयोग के संज्ञान में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मा० मुख्यमंत्री जी का निर्देश है कि महिलाओं और बच्चों से संबंधित प्रकरणों में शीघ्र कार्रवाई की जाए।

इस मौके पर नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, सीओ सिटी अमित सिंह, जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी महिमा, महिला थाना प्रभारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारियों सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम की 83वीं क्षेत्रीय परिषद बैठक संपन्न

### योजनाओं के प्रचार-प्रसार और अधूरी परियोजनाओं को समयबद्ध पूरा करने पर जोर

सब का सपना संवाददाता



**लखनऊ।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) की 83वीं क्षेत्रीय परिषद की बैठक उत्तर प्रदेश सचिवालय के तिलक हॉल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने की, जो परिषद के अध्यक्ष भी हैं। बैठक में निगम की उत्तर प्रदेश इकाई की वर्तमान संरचना, लाभार्थियों को दी जा रही सुविधाओं और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। केसी झा, क्षेत्रीय निदेशक एवं परिषद के सदस्य सचिव ने प्रस्तुति के माध्यम से निगम की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी।

#### बैठक की मुख्य बातें

उत्तर प्रदेश के 75 में से 74 जिलों में कर्मचारी राज्य बीमा योजना पूरी तरह लागू हो चुकी है। केवल बांदा जिला अब तक योजना से बाहर है, जहां जल्द ही चिकित्सा सुविधा शुरू की जाएगी। राज्य भर में बीमितों की सुविधा के लिए 109 निजी अस्पतालों के साथ अनुबंध किया गया है, साथ ही 34 डिस्पेंसरी एवं 3 ईएसआई अस्पताल भी संचालित हैं। वॉर्ड ऑफ आईपी योजना पर विशेष जोर दिया गया, जिसके तहत बीमित कर्मचारियों के बच्चों को ईएसआईसी के मेडिकल, डेंटल और नर्सिंग कॉलेजों में प्रवेश की सुविधा मिलती है।

मंत्री राजभर ने सभी अस्पतालों एवं औषधालयों का नियमित निरीक्षण कराने, लंबित निर्माण कार्यों को समयसीमा में पूर्ण कराने और योजनाओं के व्यापक प्रचार की आवश्यकता पर बल दिया। उत्तर प्रदेश कर्मचारी राज्य बीमा सोसाइटी के गठन की प्रक्रिया में तेजी लाने और औषधालयों को सुविधाजनक स्थानों पर स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए। राजभर ने यह भी आश्वासन दिया कि बांदा जिले में योजना के क्रियान्वयन हेतु राज्य सरकार हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी।

बैठक में राज्य मंत्री (श्रम) मनोहर लाल मन्नू कोरी, प्रमुख सचिव (श्रम) डॉ. एम.के. शनमुगा सुंदरम, विशेष सचिव निलेश कुमार सिंह, परिषद सदस्य डॉ. विजय सिंह चौहान, राधे कृष्ण त्रिपाठी, श्रीकांत अवस्थी, प्रणय सिन्हा, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, संजीव मिश्रा सहित ईएसआईसी के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महिला आयोग की सदस्यों ने सुनीं पीड़ित महिलाओं की समस्याएं

### जिला कारागार, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं सीएचसी का भी किया निरीक्षण

सब का सपना संवाददाता




**गोण्डा।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही एवं एकता सिंह ने बुधवार को सर्किट हाउस में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान 10 पीड़ित महिलाओं ने आयोग के समक्ष अपने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। इनमें से दो मामलों का तत्काल निस्तारण किया गया, जबकि अन्य आठ मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान श्रीमती शाही ने कहा कि प्राप्त मामलों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और विशेष रूप से घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं की समुचित काउंसलिंग कराई जाए। उन्होंने कहा कि काउंसलिंग के बाद स्थिति के अनुसार आगे की कार्रवाई तय की जाए। जनसुनवाई के बाद कुछ पीड़िताओं की व्यक्तिगत काउंसलिंग भी आयोग की सदस्यों द्वारा की गई। इसके पश्चात आयोग की दोनों सदस्यों ने जिला कारागार स्थित महिला बंदी गृह का निरीक्षण किया और वहां बंद महिलाओं की रहन-सहन एवं खानपान की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही जेल में उनके साथ रह रहे बच्चों की देखभाल पर विशेष ध्यान देने के निर्देश जेल अधीक्षक को दिए गए।

निरीक्षण के अगले क्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, दर्जीकुंआ का भ्रमण किया गया, जहां पर पानी की टोंटी खराब मिलने पर तत्काल मरम्मत कराने और परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त सदस्यों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काजीदेवर का भी निरीक्षण किया। यहां की सुविधाओं को संतोषजनक पाया गया। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलती रहे, यह सुनिश्चित किया जाए। महिला आयोग की सदस्यों के आगमन पर जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर राजेश सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज मौर्या, डीसीपीएम चिकित्सा विभाग डॉ. आरपी सिंह, महिला थानाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, संरक्षण अधिकारी चंद्र मोहन वर्मा, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर आशीष मिश्रा, सेंटर मैनेजर चेतना सिंह, जेंडर स्पेशलिस्ट राजकुमार आर्या, काउंसलर दीपशिखा शुक्ला, सिद्धनाथ पाठक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## झामपुर गांव में पूर्वक सम्पन्न हुई हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा

### विशाल भण्डारे का भी किया गया आयोजन

सब का सपना



**सरेनी(रायबरेली)।** ज्येष्ठ माह के पहले मंगलवार को झामपुर गांव में हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा समारोह पूर्वक सम्पन्न हुई।इस अवसर पर विशाल भण्डारे का भी आयोजन किया गया।हजारों भक्तों ने प्रसाद चखा।समारोह का शुभारंभ हनुमान चालीसा के पाठ से शुरू हुआ।जय हनुमान ज्ञान गुण सागर,जय कपीश तिहुँ लोक उजागर के साथ ही पंडित देवनारायण दीक्षित ने विधि-विधान व वैदिक मंत्रोंच्चार के साथ बजरंगबली की प्राण प्रतिष्ठा कराई।समारोह के आयोजक वीरेन्द्र मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि हनुमान जी संकट मोचक हैं।वे हर समस्या का समाधान आसानी से कर देते हैं

भण्डारे में शामिल लोगों में प्रमोद मिश्रा, करुणाशंकर बाजपेयी, अशोक श्रीवास्तव, रत्नेश श्रीवास्तव, हरीशंकर श्रीवास्तव, दीक्षा श्रीवास्तव, प्रिया श्रीवास्तव, आरती श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, अनुज श्रीवास्तव, कुसुम श्रीवास्तव, शांति श्रीवास्तव, आर्या श्रीवास्तव, आनन्द श्रीवास्तव, ज्योति आदि मौजूद रहे।

## तालाब की भूमि से हटाया गया अवैध कब्जा

### संपूर्ण समाधान दिवस पर मिली शिकायत पर कार्रवाई, एफआईआर दर्ज





सब का सपना संवाददाता

**गोंडा।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा के त्वरित निर्देश और निगरानी में प्रशासन ने मनकापुर तहसील के ग्राम चंदामऊ हरनाटायर स्थित एक सरकारी तालाब की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया।

यह कार्रवाई 10 मई को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान प्राप्त शिकायत के आधार पर की गई, जिसमें कृष्णनाथ तिवारी पुत्र माता प्रसाद तिवारी निवासी ग्राम चंदामऊ हरनाटायर परगना मनकापुर ने तालाब की भूमि पर अतिक्रमण की बात उठाई थी।प्रशासनिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि गाटा संख्या 539मि/2.8450 हेक्टेयर की भूमि राजस्व अभिलेखों में तालाब के रूप में दर्ज है, जिस पर जुगेश्वर, बुधई और झिंगुर पुत्रगण रामलखन द्वारा गेहूं की फसल बोकर अवैध कब्जा किया गया था। जिलाधिकारी के आदेश पर मौके पर राजस्व विभाग ने तत्काल सीमांकन कराया और अतिक्रमण हटवाते हुए भूमि को कब्जा मुक्त किया गया।साथ ही संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कराई गई है।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनहित और सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शिकायतों का त्वरित समाधान ही जनविश्वास की नींव है, और हर प्रकार के अवैध कब्जों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पांच दिनों से एक दर्जन गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित, विभाग बना उदासीन

### भीषण गर्मी में विद्युत आपूर्ति बाधित होने से बेहाल उपभोक्ताओं में आक्रोश

सब का सपना संवाददाता




**सरेनी (रायबरेली)।** विद्युत उपकेंद्र सरेनी के नीबी फीडर अंतर्गत टेरुई,नीबी,रानीखेडा,काशीखेडा व विशायकपुर सहित एक दर्जन गांवों में पिछले पांच दिनों से विद्युत आपूर्ति बाधित है।विद्युत आपूर्ति को बहाल किए जाने की दिशा में विभाग के अधिकारी उदासीन बने हुए हैं।उक्त गावों के लोगों ने बताया कि बीते दिनों आई आंधी के चलते कई पोल टूट गए हैं और कई जमींदोज जिससे यह समस्या उत्पन्न हुई है।इस समस्या को दूर करने के लिए स्थानीय लोगों के द्वारा कई बार विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों से गुहार लगाई गई।लेकिन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही व मनमानी रवैये के कारण 5 दिन बाद भी विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं की जा सकी,जिससे उपभोक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है।ग्रामीणों ने बताया कि बीती शनिवार को आए आंधी तूफान से सरेनी विद्युत उपकेंद्र के नीबी फीडर के अंतर्गत लगभग एक दर्जन गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित है।इस भीषण गर्मी में पांच दिनों तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहना विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़ा कर रहा है।भीषण उमस भरी गर्मी में लोग बेहाल हैं।

#### पेयजल को लेकर हाहाकार

बीती शनिवार की शाम आए आंधी तूफान के बाद सरेनी विद्युत उपकेंद्र के नीबी फीडर के अंतर्गत लगभग एक दर्जन गांवों में 5 दिनों से बिजली आपूर्ति ठप होने की वजह से पेयजल को लेकर हाहाकार मचा हुआ है।बिजली आपूर्ति बाधित रहने की वजह से लोग काफी परेशान नजर आ रहे हैं।भीषण उमस भरी गर्मी में पीने के पानी की समस्या विकराल हो गई है जिससे त्राहि त्राहि मची हुई है।कई गांवों में हैंडपम्प पहले से ही जबाब दिए हैं ऐसे में लोग सबमर्सिबल पम्प पर ही आश्रित हैं,लेकिन बिजली की आपूर्ति बाधित होने से पानी नहीं मिल पा रहा है।लोग दूर-दराज से पानी ढोकर व सुविधा शुल्क देकर जनरेटर के माध्यम से किसी तरह पेयजल की व्यवस्था कर के अपनी प्यास बुझा रहे हैं।विद्युत आपूर्ति ठप होने से लोग अपने मोबाइल को चार्ज करने के लिए भी इधर-उधर भटक रहे हैं।

#### हराम हुई रातों की नींद

गर्मी चरम पर है और उस पर बाधित विद्युत आपूर्ति ने लोगों की परेशानियां और बढ़ा दी हैं।लगातार बढ़ रही उमस के बीच बीते पांच दिनों से बाधित विद्युत आपूर्ति के चलते आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

## संक्षिप्त समाचार



### कांग्रेस ने छीना मोर आवास मोर अधिकार- करीब 18 लाख घर बनाने का संकल्प पूरा हुआ: शिवराज सिंह चौहान

**अंबिकापुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि आज राज्य में करीब 18 लाख आवास का संकल्प पूरा हो गया है। मैं यहां आकर प्रसन्न हूं और सभी को बधाई देता हूं। इसके साथ ही मामा शिवराज ने कांग्रेस पर हमला भी बोला। मामा ने कहा कि कांग्रेस ने मोर आवास मोर अधिकार को छीना है। मगर आज ऐतिहासिक दिन है, एक संकल्प था जो आज पूरा हुआ।

छत्तीसगढ़ की जनता का एक सपना पूरा हुआ है। सबको आवास। मोर आवास मोर अधिकार को कांग्रेस ने छीना था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने आवास बनाने का पैसा भेजा, लेकिन घर नहीं बना। मामा शिवराज ने आरोप लगाते हुए कहा कि तत्कालीन सरकार की रुचि घर बनाने में थी ही नहीं। अपने हिस्से का पैसा भी नहीं दिया। इसलिए जिनके मकान आज से करीब आठ साल पहले बन जाने थे, वो लोग मकान से वंचित रहे।

भाजपा ने उस समय आंदोलन किया कि अगर हमारी सरकार बनी तो पात्र हितकारियों के मकान बनाएंगे। हम जो कहते हैं वो करते हैं। मोदी जी हैं तो मुमकिन हैं। जो वचन छत्तीसगढ़ की जनता को दिया था, वो आज पूरा हुआ। लगभग 18 लाख आवास थे। इनमें वो मकान भी थे, जो सीएम आवास योजना से जुड़े थे। सरकार ने कह तो दिया था, लेकिन वो अधूरे पड़े थे।

हमने आठ लाख से ज्यादा मकान छत्तीसगढ़ में पात्र हितकारियों के लिए राज्य सरकार को दिए थे। साढ़े तीन लाख के आसपास मकान फिर दिए। और अभी 2018 की सूची के तहत करीब 3 लाख के आसपास मकान बचे थे, आज उस सूची को भी संतृप्त कर दिया है।

### 6 फेरे ले लिए, एक फोन आया और दूल्हे ने नहीं लिया 7वां फेरा, लड़कीवालों ने बनाया बंधक



**करौली, एजेंसी।** राजस्थान में एक चौंका देने वाली घटना सामने आई है। दूल्हा-दुल्हन खुशी-खुशी शादी के फेरे ले रहे थे। छह फेरे पूरे हो चुके थे। इसी बीच दूल्हे के मोबाइल पर किसी का फोन आया। फोन पर बात करने के बाद दूल्हे ने सातवां फेरा लेने से इनकार कर दिया। दूल्हे के इस हरकत से लड़की वाले हक्के-बक्के रह गए। तमाम कोशिशों के बावजूद जब दूल्हा सातवें फेरे के लिए तैयार नहीं हुआ तो लड़कीवालों ने दूल्हा सहित उसके परिवार वालों को बंधक बना लिया। राजस्थान के करौली जिले में एक शादी समारोह में उस समय हड़कंप मच गया जब दूल्हे ने सातवां फेरा लेने से इनकार कर दिया। एक रिपोर्ट के अनुसार, नादौती तहसील में जोड़े ने सात फेरों में से छह पूरा कर लिया था। सातवें फेरे से ठीक पहले दूल्हे को कथित तौर पर एक फोन आया। उसके बाद दूल्हे ने अंतिम फेरा लेने से इनकार कर दिया, जिससे शादी रुक गई। दूल्हे के इस अप्रत्याशित व्यवहार से स्तब्ध दुल्हन के परिवार ने दूल्हे, उसके पिता और उसके कई रिश्तेदारों को बंधक बना लिया। माहौल को बिगड़ता देख पुलिस को बुलाया गया। नादौती थाने के प्रभारी वीर सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए गए हैं। न तो दुल्हन का परिवार और न ही दूल्हे के परिवार ने कोई शिकायत दर्ज कराया है। मामले को स्थानीय स्तर पर ही निपटाया जा रहा है। इस बीच घटना को लेकर पंचायत बुलाया गया। पंचायत (ग्राम परिषद) का नेतृत्व समुदाय के एक बुजुर्ग पंच कर रहे हैं। पंचायत मामले को सुलझाने की कोशिश में जुटी है। दुल्हन के परिवार का दावा है कि उन्होंने शादी की तैयारियों पर करीब 56 लाख रुपए खर्च किए हैं। पंचायत अब इस बात पर चर्चा कर रही है कि क्या दूल्हे पक्ष को पैसे लौटाने चाहिए, खासकर तब जब शादी आखिरी समय में रद्द कर दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि दूल्हे को एक लड़की का फोन आया था और उसके बाद उसने अचानक शादी रोक दी। पुलिस स्थिति पर नजर रख रही है।

# पूर्व रक्षा सचिव अजय कुमार यूपीएससी के नए चेयरमैन नियुक्त, प्रीति सूदन की लेंगे जगह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के रिटायर्ड अधिकारी और पूर्व रक्षा सचिव डॉ. अजय कुमार को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने मंगलवार देर रात एक आधिकारिक आदेश जारी कर उनकी नियुक्ति की जानकारी दी। आदेश में कहा गया, राष्ट्रपति को संविधान के अनुच्छेद 316(1) के तहत डॉ. अजय कुमार को संघ लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त करते हुए प्रसन्नता हुई है। यह अनुच्छेद लोक सेवा आयोगों के सदस्यों की नियुक्ति से संबंधित है।

डॉ. अजय कुमार 1985 बैच के केरल कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। उनकी यूपीएससी अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति उसी दिन से प्रभावी होगी, जिस दिन वह कार्यभार ग्रहण करेंगे। डॉ. अजय कुमार ने रक्षा मंत्रालय के सचिव के रूप में कार्य किया है और अपने कार्यकाल के दौरान कई अहम रक्षा सुधारों में भूमिका निभाई। अब वह यूपीएससी जैसे प्रतिष्ठित आयोग की कमान संभालेंगे, जो देश की सबसे कठिन और प्रतिष्ठित परीक्षाओं का आयोजन करता है।




**प्रीति सूदन का कार्यकाल समाप्त:** अजय कुमार की नियुक्ति प्रीति सूदन के कार्यकाल की समाप्ति के बाद हुई है। पूर्व स्वास्थ्य सचिव प्रीति सूदन को जुलाई 2024 में यूपीएससी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था, जब तत्कालीन अध्यक्ष मनोज सोनी ने अचानक इस्तीफा दे दिया था। उनका कार्यकाल 29 अप्रैल को समाप्त हुआ। मनोज सोनी जून 2017 से मई 2023 तक यूपीएससी के सदस्य रहे। उन्होंने अध्यक्ष बनने के कुछ ही समय बाद जून 2024 की शुरुआत में निजी कारणों का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया था।

**विपक्ष के सवाल:** हालांकि, सोनी के इस्तीफे को लेकर विपक्षी दलों ने सवाल उठाए थे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित कई नेताओं ने मांग की कि सरकार यह स्पष्ट करे कि सोनी का इस्तीफा आखिर किस कारण हुआ। उन्होंने पूछा कि क्या यह इस्तीफा यूपीएससी से जुड़ी कथित घोटालों से जुड़ा था?

**पूजा खेडकर विवाद की छाया:** गौरतलब है कि यूपीएससी पिछले साल जुलाई में उस समय विवादों में आ गया था जब ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर पर फर्जी पहचान के आधार पर अतिरिक्त सिविल सेवा परीक्षा प्रयास प्राप्त करने का आरोप लगा। आयोग ने बाद में खेडकर की अस्थायी उम्मीदवारी रद्द कर दी और उन्हें भविष्य की सभी परीक्षाओं और चयन प्रक्रियाओं से प्रतिबंधित कर दिया। हालांकि यह विवाद सोनी के इस्तीफे के बाद सामने आया, लेकिन इसकी टाइमिंग को लेकर भी सवाल उठे।

**यूपीएससी की भूमिका:** संघ लोक सेवा आयोग न केवल सिविल सेवा परीक्षा आयोजित करता है, बल्कि विभिन्न सेवाओं में पदोन्नति, प्रतिनियोजन और अनुशासनात्मक मामलों को भी देखता है। अब डॉ. अजय कुमार इस महत्वपूर्ण संस्था का नेतृत्व करेंगे।

# विपक्ष उठा रहा सीजफायर पर सवाल, लेकिन कश्मीर से पीडीपी एवं एनसी ने किया समर्थन




**कश्मीर, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच घोषित ताजा सीजफायर को लेकर जहां कांग्रेस सहित विपक्ष के कुछ दल सवाल उठा रहे हैं, वहीं मोदी सरकार को समर्थन भी मिला है। समर्थन की ये आवाजें कश्मीर घाटी से आ रही हैं। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती और नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने इस फैसले को राजनीतिक समझदारी बताया है और विपक्ष से इसे राजनीतिक मुद्दा न बनाने की अपील की है।

बीते वर्षों में भाजपा की कटु आलोचक रहीं पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, यह समय राजनीतिक आलोचना का नहीं है, एकजुटता दिखाने का है। जिस तरह पहलगाम हमले के बाद देश एकजुट हुआ, वैसे ही अब शांति प्रक्रिया के लिए राष्ट्रीय सहमति बनानी चाहिए। उन्होंने टीवी स्टूडियो में बैठे आलोचकों को आड़े हाथों लेते हुए कहा, जो लोग एयर-कंडीशंड कमरों में बैठकर युद्ध की बातें करते हैं, वे कभी सीमा पर रहने वाले परिवारों के दर्द को नहीं समझ सकते। यह समझ तभी आ सकती है जब आप खुद मौत और तबाही का सामना करें।

वहीं, नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी महबूबा का समर्थन किया। कुपवाड़ा जिले के तंगधार क्षेत्र में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, जो लोग नोएडा और मुंबई में टीवी स्टूडियो में बैठकर युद्ध की बातें करते हैं, उन्हें जमीनी हकीकत नहीं पता। सीमा पर रहने वाले लोग सीजफायर चाहते हैं। यही उनकी सच्ची भावना है। यह एक अच्छा कदम है और इसे जारी रहना चाहिए।

### महबूबा बोलीं- पाकिस्तान से हो संवाद

महबूबा मुफ्ती ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी और डॉ. मनमोहन सिंह जैसे नेताओं ने यह दिखाया कि तनावपूर्ण समय में भी पाकिस्तान के साथ बातचीत की जा सकती है। इस दौरान देश की सुरक्षा या संप्रभुता से समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर के बच्चे बदले का इंतजार नहीं कर रहे, वे शांति चाहते हैं। सच्चे उपचार की शुरुआत संवाद से होती है। हमें ऐसा भविष्य बनाना चाहिए जिसमें हमारे बच्चे डर के बिना जी सकें।

### कांग्रेस और आप ने उठाए सवाल

हालांकि कांग्रेस ने पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद केंद्र सरकार को समर्थन दिया था। अब पार्टी ने सीजफायर की टाइमिंग और अमेरिका की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दिल्ली में कहा, देश को लग रहा था कि हमारी सेना पाकिस्तान को करारा जवाब दे रही है और यह एक सुनहरा मौका था। लेकिन सीजफायर की घोषणा जिस तरह की गई, उससे सरकार की नैतिक ताकत पर सवाल उठता है। आम आदमी पार्टी (आप) ने भी केंद्र से विशेष संसद सत्र बुलाने की मांग की है ताकि पहलगाम हमला और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा हो सके। दिल्ली में संजय सिंह ने कहा, हमारी सेना मजबूती से जवाब दे रही थी, फिर हमने सीजफायर की घोषणा कर दी। ये फैसले सवालों के घेरे में है।

### कर्नल सोफिया कुरैशी पर बीजेपी मंत्री की अमर्यादित टिप्पणी पर भड़कीं मायावती, सख्त कार्रवाई की मांग

**लखनऊ, एजेंसी।** बीजेपी नेता और मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए बयान पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने नाराजगी जताई है। मायावती ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए सोशल मीडिया साइट ऐक्स पर पोस्ट किया है। मायावती ने महिला सैन्य अधिकारी के संबंध में की गई अभद्र टिप्पणी पर केंद्र सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग है। मायावती ने इसे अति-दुखद व शर्मनाक बताया है। मायावती ने बुधवार सुबह ऐक्स पर पोस्ट किया है। मायावती ने बीजेपी मंत्री पर निशाना साधा है। उन्होंने मंत्री पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पहले विदेश सचिव और फिर उसके बाद सेना की महिला अफसर के प्रति घृणित, असभ्य व अमर्यादित टिप्पणी, वास्तव में जोश व उमंग के उस पूरे अच्छे माहौल को नष्ट करने वाली है जो पूरा देश भारतीय सेना की पाकिस्तान के विरुद्ध 'आपरेशन सिंदूर' की सफलता से उत्साहित है, जो यह अति-दुखद व शर्मनाक है।



इस क्रम में मध्यप्रदेश के एक वरिष्ठ मंत्री द्वारा मुस्लिम महिला सेना प्रवक्ता के सम्बंध में की गई अभद्र टिप्पणी को भाजपा व केन्द्र सरकार गंभीरता से लेकर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई जरूर करे, ताकि दुश्मनों के नापाक मंसूबे नाकाम हों और देश में आपसी भाईचारा व समरसता न बिगड़ने पाए। आपको बता दें कि मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें वे भारतीय सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में अपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए नजर आए। इसके बाद से विपक्ष हमलावर है। इससे पहले कांग्रेस भी हमला बोला है। कांग्रेस के कई नेताओं ने उन्हें मंत्री पद से हटाने की मांग करते हुए कहा है कि उन्हें माफी मांगनी चाहिए।

### 300 से सीधे 2800 रुपए! हिमाचल में बिजली दरों पर जयराम ठाकुर का कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने सिंचाई के लिए बिजली बिलों में भारी बढ़ोतरी को लेकर हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार की कड़ी आलोचना की है। जयराम ठाकुर ने इस कदम को मनमाना और अनुचित बताया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की ओर से बार-बार चेतावनी दिए जाने और किसानों के विरोध के बावजूद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली राज्य सरकार कोई कार्रवाई करने में विफल रही। इसे उन्होंने बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। जयराम ठाकुर ने कहा, किसानों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले सिंचाई कनेक्शनों के लिए बिजली के बिल चौंकाने वाले हैं। इस मुद्दे को सरकार के संज्ञान में लाने के बावजूद, कोई सक्रिय प्रतिक्रिया नहीं हुई है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

### बच्चों को कला से क्यो रखा है दूर? राजस्थान हाईकोर्ट की राज्य सरकार को फटकार!

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कला शिक्षकों की भर्ती को लेकर राज्य सरकार को अंतिम चेतावनी दी है। कोर्ट ने दो टूक कहा है कि बच्चे देश का भविष्य हैं, और उन्हें चित्रकला-संगीत जैसी रचनात्मक शिक्षा से वंचित नहीं रखा जा सकता। मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव और न्यायाधीश मुकेश राजपुरोहित की खंडपीठ ने इस मामले में तल्ख टिप्पणी करते हुए सरकार से कहा कि अब बहुत हो गया, अब और इंतजार नहीं किया जाएगा। यह टिप्पणी एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान आई, जिसे विमल शर्मा ने दायर किया था। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता तनवीर अहमद ने कोर्ट को बताया कि प्रदेश के करीब 70 हजार सरकारी स्कूलों में कला शिक्षा के लिए विशेषज्ञ शिक्षक ही नहीं हैं। स्थिति यह है कि गणित और विज्ञान पढ़ाने वाले शिक्षक ही बच्चों को संगीत और चित्रकला सिखा रहे हैं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि शिक्षा का अधिकार कानून के तहत हर स्कूल में कला शिक्षा अनिवार्य है। इसके बावजूद सरकार अब तक न तो कोई ठोस योजना ला सकी है और न ही कला शिक्षकों की भर्ती के लिए कदम उठाए हैं। सरकार की ओर से एक बार फिर समय मांगा गया, जिस पर हाईकोर्ट भड़क गया और कहा, पांच महीने से ज्यादा हो गए, अब तक तो योजना आ जानी चाहिए थी! याचिकाकर्ता की दलीलों में यह भी बताया गया कि कला शिक्षा बच्चों के रचनात्मक और मानसिक विकास के लिए बेहद जरूरी है। इसके अभाव में बच्चों में तनाव, हताशा और हिंसात्मक प्रवृत्तियों का विकास हो रहा है। चिंताजनक बात यह है कि सरकार ने अब तक कला शिक्षा की किताबें तक प्रकाशित नहीं करवाई हैं। हाईकोर्ट इससे पहले भी साफ कर चुका है कि अगर कला शिक्षा अनिवार्य है तो स्कूलों में इसके लिए प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति करना भी सरकार की जिम्मेदारी है।

# भारत के एक्शन से बौखलाया पाकिस्तान, भारतीय अधिकारी को दिया 24 घंटे में देश छोड़ने का आदेश

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** भारत द्वारा आतंकियों पर की गई कार्रवाई और फिर पाकिस्तान द्वारा हमले की कोशिश करने के बाद मिले करारा जवाब के बाद पाकिस्तान की सरकार अब बौखला चुकी है।

इस बीच पाकिस्तान विदेश मंत्रालय ने इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग के एक कर्मचारी को जासूसी के आरोप में आवंछित घोषित कर दिया। पाकिस्तान ने भारतीय राजनयिक और उनके परिवार को 24 घंटे के अंदर पाकिस्तान छोड़ने को कहा है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग के एक कर्मचारी को अवांछित व्यक्ति घोषित किया गया है।

पाकिस्तान सरकार ने इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग के एक कर्मचारी को उसकी विशेषाधिकार प्राप्त स्थिति के साथ असंगत गतिविधियों में संलग्न होने के लिए अवांछित व्यक्ति घोषित किया है। संबंधित अधिकारी को 24 घंटे के भीतर पाकिस्तान छोड़ने का निर्देश दिया गया है। उल्लेखनीय है कि भारत ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग में कार्यरत एक पाकिस्तानी अदिकारी को भारत में उसकी आधिकारिक स्थिति के अनुरूप नहीं होने वाली गतिविधियों में संलिप्त होने के कारण अवांछित व्यक्ति घोषित किया था।

विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, भारत सरकार ने नई दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग में कार्यरत एक पाकिस्तानी अधिकारी को भारत में अपने आधिकारिक दर्जे के अनुरूप गतिविधियों में संलिप्त होने के कारण अवांछित व्यक्ति घोषित किया गया है। अधिकारी को 24 घंटे के भीतर भारत छोड़ने को कहा गया है। भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसके तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में कई आतंकी ठिकानों पर हमला किया गया था। यह हमला 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए घातक हमले का बदला लेने के लिए किया गया था, जिसमें 26 पर्यटक मारे गए थे। 100 से ज़्यादा आतंकवादियों को मार गिराने के अलावा, इन हमलों में पाकिस्तान के अंदर 11 एयर बेस को निशाना बनाया गया और उनकी सैन्य क्षमताओं को काफी नुकसान पहुंचाया गया। हवाई, जमीनी और समुद्री अभियानों को संयमित तरीक़े से अंजाम दिया गया, जिसमें नागरिकों की कम से कम हताहत होने पर ज़ोर दिया गया।

### सिगरेट की डिब्बी पर ऊंगलियों के निशान से 50 साल बाद पकड़ा गया हत्यारोपी

**कैलिफोर्निया , एजेंसी।** कैलिफोर्निया अमेरिका में करीब 50 साल बाद एक हत्या के आरोपी को पकड़े जाने का मामला सामने आया है। दरअसल साल 1977 में कैलिफोर्निया की एक महिला जीनेट राल्सटन की गला घोंटकर हत्या कर दी गई थी। जीनेट का शव उसकी कार की सीट से बरामद हुआ था। अब इस मामले में ओहायो के जेफरसन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दरअसल जीनेटे के शव के पास कार से एक सिगरेट की डिब्बी मिली थी, जिस पर हत्यारोपी के ऊंगलियों के निशान थे। जीनेट की हत्या के कई वर्ष बीत जाने के बाद भी हत्यारे का कोई सुराग नहीं मिल पाया था। बीते दिनों कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने एफबीआई के अपडेट डेटा से फिंगर प्रिंट मैच करने की मांग की। इसी मैचिंग के दौरान ओहायो के जेफरसन के फिंगर प्रिंट सिगरेट के डिब्बे पर मिले फिंगर प्रिंट से मैच कर गए, जिसके बाद जेफरसन को गिरफ्तार कर लिया गया।

# हमले से 1 महीने पहले से ही मुनीर खरीद रहे थे पहलगाम की सैटेलाइट इमेज, अमेरिका के खुलासे से फंसा पाकिस्तान

**वाशिंगटन, एजेंसी।** बिजनेस सिस्टम इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड (बीएसआई) र कंपनी है। ये पाकिस्तानी कंपनी है। पहलगाम हमले के कुछ दिनों पहले अचानक पाकिस्तान की बीएसआई प्राइवेट लिमिटेड ने अमेरिका की कंपनी मैक्सार टेक्नोलॉजी को बड़े पैमाने पर पहलगाम की सैटेलाइट इमेज का ऑर्डर दिया।

पहलगाम में जब हमला हुआ उससे पहले वहां की सैटेलाइट तस्वीरें पाकिस्तान ने खरीदी थी। सैटेलाइट इमेज बेचने वाली कंपनी मैक्सर से पाकिस्तानी फर्म बीएसआई ने ये तस्वीरें खरीदी और उसके बाद किस तरह से पहगलाम में हमला करने की साजिश रची गई। भारत के मीडिया संस्थान द प्रिंट ने पहलगाम हमले और उसके बाद के घटित



घटनाक्रम को लेकर बहुत बड़े खुलासे किए हैं। दरअसल, अमेरिका की एक कंपनी मैक्सार टेक्नोलॉजी भू स्थानिक फर्म है। वो सैटेलाइट इमेज कैप्चर करती है। उसके पास रियल टाइम इमेज होता है। वहीं बिजनेस सिस्टम इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड (बीएसआई) र कंपनी है। ये पाकिस्तानी कंपनी है। पहलगाम हमले के कुछ दिनों पहले अचानक पाकिस्तान की बीएसआई प्राइवेट लिमिटेड ने अमेरिका की कंपनी मैक्सार टेक्नोलॉजी को बड़े पैमाने पर पहलगाम की सैटेलाइट इमेज का ऑर्डर दिया।

लगातार जब तक ये घटना घटी नहीं यानी 1 तारीख तक रोजाना बीएसआई प्राइवेट लिमिटेड ने मैक्सार टेक्नोलॉजी से वो मेज मंगाते रहे। ये बीएसआई कंपनी का मालिक अब्दुल्ला सैय्यद है। सैय्यद पाकिस्तान के परमाणु हथियार कार्यक्रम में सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। 2020 में अमेरिका ने बीएसआई की जांच की थी। होमलैंड सिक्योरिटी ने तब पाया कि अब्दुल्ला सैय्यद के पाकिस्तान के रक्षा मंत्रालय और एनडीसी व परमाणु ऊर्जा आयोग से सीधे संबंध रहे हैं। वहां के कोर्ट ने बकायदा इस कंपनी को अमेरिका में बैन कर रखा है। 2020 में अमेरिकन कोर्ट इस पर बैन लगाता है। फिर अब्दुल्ला सैय्यद दूसरी कंपनी बनाकर 2023 में मेक्सार टेक्नोलॉजी के साथ फिर से पार्टनरशिप कर लेता है। बड़ा खुलासा ये है कि अब्दुल्ला सैय्यद पाकिस्तान के रक्षा मंत्रालय के सीधे संपर्क में था।


मैक्सार टेक्नोलॉजी से इसने जो सारे सैटेलाइट इमेज खरीदे वो पाकिस्तान के रक्षा मंत्रालय को सुपुर्द किए हैं। रिपोर्ट में इसके एवज में पैसे के ट्रांजक्शन के भी सबूत हैं। मतलब साफ है कि पहलगाम का हमला पाकिस्तानी आर्मी ने बकायदा प्लान किया। सैटेलाइट इमेट पाकिस्तानी आर्मी को मिले। पहलगाम के लगातार 21 दिनों तक रियल टाइम इमेज वहां की आर्मी स्टडी करती रही। जिस दिन हमला हुआ यानी 22 अप्रैल को तो 21 अप्रैल से ही वो ऑर्डर बंद हो जाता है। रिपोर्ट के प्रकाशन के बाद मैक्सार ने अपने पार्टनर पेज से बीएसआई को हटा दिया और इस बात से इनकार किया कि बीएसआई ने पहलगाम की तस्वीरें मंगवाई थीं।

### ब्रिटेन पीएम स्टार्मर की नई इमिग्रेशन पॉलिसी, 5 की जगह 10 साल तक रहने वालों को ही मिलेगी स्थाई नागरिकता




**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने नई इमिग्रेशन पॉलिसी की घोषणा की। इससे ब्रिटेन में स्थायी रूप से रहना और कठिन हो गया है। स्थायी निवास के लिए आवेदन करना हो तो प्रवासी को अब 10 साल ब्रिटेन में ही रहना अनिवार्य होगा। पहले यह अवधि सिर्फ 5 साल के लिए थी। ब्रिटिश पीएम की इस घोषणा का असर भारतीय नागरिकों को भी पड़ेगा, जिनकी ब्रिटेन में बड़ी संख्या है। साल 2023 में करीब ढाई लाख भारतीय पढ़ाई और काम के सिलसिले में ब्रिटेन आए थे। ब्रिटिश पीएम की घोषणाओं के अनुसार, सभी वीजा आवेदकों के लिए अंग्रेजी भाषा की आवश्यकताओं को कड़ा किया गया है। ब्रिटिश पीएम की घोषणाओं में केयर सेक्टर में विदेशी कर्मचारियों की भर्ती पर रोक लगाई गई है। स्नातक वीजा धारकों के लिए पढ़ाई के बाद ब्रिटेन में ही रहने की अवधि जो पहले 2 साल की थी, उसे घटाकर डेढ़ साल कर दिया गया है। अब स्किल्ड वीजा के लिए सिर्फ ए लेवल नहीं, डिग्री लेवल की योग्यता आवश्यक होगी।


# लक्ष्य सेन थाईलैंड ओपन से बाहर, आकर्षि और उन्नति अगले दौर में



**बैंकॉक (एजेंसी)।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन थाईलैंड ओपन के पहले दौर से बाहर हो गए हैं जबकि आकर्षि कश्यप और उन्नति हुड्डा इस सुपर 500 टूर्नामेंट में कड़े मुकाबले जीतकर अगले दौर में पहुंच गईं। सेन को आयरलैंड के एन एंगुयेन ने एक घंटे 20 मिनट तक चले मैच में 18.21, 21.9, 17.21 से हराया। पहला गेम हारने के बाद सेन ने दूसरे में लय हासिल कर ली लेकिन निर्णायक गेम में एंगुयेन ने उन्हें उबरने का मौका ही नहीं दिया। प्रियांशु राजावत भी पहले दौर में बाहर हो गए जिन्हें इंडोनेशिया के अल्वी फरहान ने 21.13, 17.21, 21.16 से मात दी। महिला एकल में आकर्षि ने जापान की कोआरू सुगियामा को 21.16, 20.22, 22.20 से हराया। उन्नति ने थाईलैंड की थामोंवान एन को 21.14, 18.21, 23.21 से मात दी। रक्षिता श्री संतोष रामराज पहले दौर में सिंगापुर की यिओ जिया मिन से 18.21, 7.21 से हार गई।

# आईपीएल के शेष सत्र में खेलेंगे या नहीं, ट्रेंट बोल्ट ने ले लिया फैसला

**मुम्बई (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष सत्र में अपनी टीम मुम्बई इंडियंस के लिए खेलने का निर्णय किया है। 36 वर्षीय बोल्ट को मुम्बई इंडियंस ने मेगा नीलामी में 12.5 करोड़ रुपए में खरीदा था। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने आईपीएल के इस सत्र में 8.49 की इकॉनमी रेट से 18 विकेट लिए हैं।



सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 26 रन देकर 4 विकेट अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। वह पूरे टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। पांच बार की चैंपियन मुम्बई को अब भी अपने तीन प्रमुख विदेशी खिलाड़ियों की उपलब्धता का इंतजार है। दक्षिण अफ्रीका के रायन रिकल्टन और कोर्बिन बॉश, और इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स की भागीदारी को लेकर अब भी संशय बना हुआ है।

दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट बोर्ड के अनुसार उनके खिलाड़ियों की एनओसी 25 मई तक वैध है। इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने आईपीएल में भाग लेने वाले इंग्लैंड के खिलाड़ियों को 29 मई से शुरू हो रही वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज के लिए समय पर लौटने का निर्देश दिया है।

# बीसीसीआई ने दबाया पावर बटन, विदेशी खिलाड़ियों को वापस लाने की तैयारी

## उम्मीद है कि अधिकांश लौट आएंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीसीसीआई और आईपीएल टीमें 17 मई से फिर से शुरू हो रहे आईपीएल के लिए अपने खिलाड़ियों को भेजने के लिए विदेशी बोर्ड पर दबाव बना रहे हैं। हालांकि भारत-पाकिस्तान सैन्य टकराव के कारण अभी भी सुरक्षा को लेकर चिंताएं हैं। बीसीसीआई के आला अधिकारियों ने आईपीएल सीओओ हेमांग अमीन से कहा है कि वे क्रिकेट आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड से खुद बात करके सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करे। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण नौ मई को लीग स्थगित कर दी गई थी। इसके एक दिन बाद ही हालांकि युद्धविराम की घोषणा के बाद आईपीएल की बहाली का मार्ग प्रशस्त हुआ।

बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा कि हम विदेशी बोर्ड से निजी तौर पर बात कर रहे हैं जबकि टीम सीधे अपने खिलाड़ियों के संपर्क में है। हमें उम्मीद है कि अधिकांश लौट आएंगे। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने भारत लौटने या नहीं लौटने का फैसला खिलाड़ियों पर छोड़ दिया है। टीम अधिकारियों ने पीटीआई को बताया कि कुछ विदेशी खिलाड़ी वापसी को लेकर अभी भी आशंकित हैं लेकिन अधिकांश के लौट आने की संभावना है।

# आईपीएल प्लेऑफ से बाहर हो सकते हैं दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी

**जोहान्सबर्ग (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए चुने गए दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी आईपीएल प्लेऑफ से बाहर हो सकते हैं क्योंकि देश का क्रिकेट बोर्ड लीग प्रतिबद्धताओं पर राष्ट्रीय कर्तव्य को प्राथमिकता देने पर अड़ा हुआ है। बीसीसीआई ने सोमवार को पुष्टि की कि आईपीएल 17 मई को फिर से शुरू होगा और फाइनल 3 जून को होगा। हालांकि संशोधित कार्यक्रम ने डब्ल्टूटीसी फाइनलिस्ट ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों को मुश्किल में डाल दिया है। फ्रेंचाइजी और बीसीसीआई ने विदेशी बोर्डों से अपने खिलाड़ियों को टूर्नामेंट के बाकी बचे मैचों के लिए उपलब्ध कराने का आग्रह किया है।

सीएसए ने डब्ल्यूटीसी फाइनल की तैयारियों के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। ष्टस्न के राष्ट्रीय टीमों और उच्च प्रदर्शन के निदेशक एनोच एनक्वे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, यह स्पष्ट रूप से एक व्यक्तिगत निर्णय है कि वापस लौटना है या खेलना जारी रखना है। एक बात जो हमने स्पष्ट कर दी है, और हम आईपीएल और बीसीसीआई के साथ इस पर अंतिम रूप दे रहे हैं, वह यह है कि डब्ल्यूटीसी की तैयारियों के मामले में हम अपनी मूल योजना पर कायम रहेंगे।

उन्होंने कहा, टेस्ट खिलाड़ियों के वापस आने की आखिरी तारीख 26 मई है। मूल योजना में कोई बदलाव नहीं हुआ है, क्योंकि नंबर 1 प्राथमिकता डब्ल्यूटीसी फाइनल है। हम पिछले एक-दो दिनों से उनसे बातचीत कर रहे हैं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हम सभी एक ही पृष्ठ पर हैं। आठ दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी कैगिसो रबाडा (गुजरात टाइटन्स), लुंगी एनगिडी (रॉयल



चैलेंजर्स बेंगलुरु), ट्रिस्टन स्टब्स (दिल्ली कैपिटल्स), एडेन मार्करम (लखनऊ सुपर जायंट्स), रेयान रिकेल्टन (मुंबई इंडियंस), कॉर्बिन बॉश (मुंबई), मार्को जेनसन (पंजाब किंग्स) और वियान मुल्डर (सनराइजर्स हैदराबाद) को डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए प्रोटियाज टीम में शामिल किया गया है जो 11 जून से लंदन में शुरू होने वाला है।

वर्तमान में, जीटी,आरसीबी, मुंबई, पीबीकेएस,डीसी और एलएसजी आईपीएल प्लेऑफ स्थान के लिए दावेदारी कर रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुकरी कॉनराड ने सीएसए के रुख को दोहराया। उन्होंने कहा, आईपीएल-बीसीसीआई के साथ हमारा शुरुआती समझौता यह था कि 25 तारीख को फाइनल होने के बाद हमारे खिलाड़ी 26 तारीख को वापस आएंगे, ताकि 30 तारीख को हमारे रवाना होने से पहले उन्हें पर्याप्त समय मिल जाए। अभी तक हम इस पर कोई समझौता नहीं कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि हमारे खिलाड़ी 26 तारीख को वापस आ जाएं।

कॉनराड ने कहा, यह बातचीत मुझसे ज़्यादा वेतन पाने वाले लोगों के बीच चल रही है। वे इस पर काम कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि हमारे खिलाड़ी 26 तारीख को वापस आ जाएं और उम्मीद है कि यह बात सच साबित होगी। 22 अप्रैल को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण 9 मई को आईपीएल सीजन को निलंबित कर दिया गया था। अगले दिन घोषित युद्धविराम ने टूर्नामेंट को फिर से शुरू करने का रास्ता साफ कर दिया।

आईपीएल के नए शेड्यूल के अनुसार लीग चरण 27 मई को समाप्त होगा, जबकि प्लेऑफ 29 मई से 3 जून तक चलेगा, ये तारीखें सीएसए की डब्ल्यूटीसी तैयारियों से टकराती हैं। सीएसए ने जहां कड़ा रुख अपनाया है, वहीं क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपने खिलाड़ियों को व्यक्तिगत रूप से निर्णय लेने की अनुमति दी है और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) अपने अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) की समीक्षा करने के लिए तैयार है।

# पहलगाम हमला : पाकिस्तान का राजगीर में एशिया कप हॉकी खेलना मुश्किल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हॉकी इंडिया सरकार के परामर्श का इंतजार कर रहा है लेकिन पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच इस साल हीरो एशिया कप हॉकी में पाकिस्तान का भाग लेना मुश्किल लग रहा है। एशिया कप बिहार के राजगीर में 27 अगस्त से सात सितंबर के बीच खेला जायेगा । मेजबान भारत, पाकिस्तान, जापान, कोरिया, चीन, मलेशिया, ओमान और चीनी ताइपै को इसमें भाग लेना है। यह अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप का क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी है।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा, 'अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगा लेकिन हम सरकार के दिशा निर्देशों का पालन करेंगे जैसा पहले भी होता आया है। अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। पहलगाम में क्रूर आतंकवादी हमले और आपरेशन सिंदूर के बाद अभी कुछ कहना मुश्किल है। अभी टूर्नामेंट में तीन महीने का समय है लेकिन हम सरकार की सलाह का पालन करेंगे। इसमें कोई दोराय नहीं है।



पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादी हमले में 26 भारतीयों की मौत हो गई थी जिसमें अधिकांश पर्यटक थे। इसके बाद से भारत सरकार ने सभी पाकिस्तानियों को देश छोड़कर जाने के आदेश दिए। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर आपरेशन सिंदूर के जरिये मिसाइल हमले किए। पाकिस्तान ने जवाब में ड्रोन और मिसाइल हमले किए जिन्हें भारत की शानदार वायु रक्षा प्रणाली ने नाकाम कर दिया। भारत ने पाकिस्तान के कई प्रमुख शहरों में सैन्य ठिकानों और वायु रक्षा प्रणाली को नेस्तनाबूद कर दिया। दोनों देश दस मई को युद्धविराम पर राजी हो गए जब पाकिस्तान के सैन्य अभियान के महानिदेशक ने भारत के डीजीएमओ से संपर्क किया।

महासंघ के एक सूत्र ने कहा, 'अगर सरकार मंजूरी नहीं देती है तो पाकिस्तानी टीम यहां नहीं आएगी। यह सब सरकार के उस समय के रूख पर निर्भर करता है। अगर पाकिस्तान को भारत आने की मंजूरी नहीं मिलती है तो टूर्नामेंट सात टीमों के साथ होगा या एक नयी टीम को बुलाया जाएगा। यह फैसला एशियाई हॉकी महासंघ लेगा।

एक अधिकारी ने बताया, 'अभी यह कहना मुश्किल है कि नई टीम कौन सी होगी या यह सात टीमों के साथ ही होगा। एशियाई हॉकी महासंघ इस पर फैसला लेगा। पाकिस्तान हॉकी टीम ने पिछली बार लखनऊ में 2016 जूनियर विश्व कप नहीं खेला था जो पठानकोट आतंकवादी हमले के कुछ महीने बाद ही हुआ था। उसकी जगह मलेशिया को शामिल किया गया था। मौजूदा हालात में पाकिस्तान का 28 नवंबर से दस दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाले जूनियर विश्व कप में खेलना भी मुश्किल है। एशिया कप अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में 14 से 30 अगस्त तक होने वाले विश्व कप का क्वालीफायर टूर्नामेंट भी है।

# श्रीलंका में स्नेह राणा की सफलता का राज धीमी और फुल लेंथ गेंदबाजी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्नेह राणा ने श्रीलंका में त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला में भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई और इस ऑफ स्पिनर ने कहा कि उनकी सफलता में गेंदबाजी कोच अविष्कार साल्वी की अहम भूमिका रही। साल्वी ने पिच को काफी अच्छी तरह पढ़ा और स्नेह को कम गति से गेंदबाजी करने की सलाह दी जो उनके काफी काम आई। बल्लेबाजी की अनुकूल पिचों पर स्नेह गेंद की गति में विविधता लाई जो काफी महत्वपूर्ण साबित हुई। उन्होंने श्रृंखला में 15 विकेट चटकाए और कई देशों की श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया की कैथरीन फिट्जपैट्रिक के लंबे समय से चले आ रहे रिकॉर्ड की बराबरी की। स्नेह ने कहा, 'मैंने हमारे गेंदबाजी कोच अविष्कार सर से बात की। उन्होंने हमें बताया कि वहां किस तरह की गेंदबाजी कामयाब रहेगी। गेंद बल्ले पर काफी अच्छी तरह आ रही थी इसलिए हमें धीमी और फुल लेंथ की गेंद फेंकने की सलाह



दी गई। इस ऑफ स्पिनर ने कहा, 'मैं बेहद खुश हूं, मुझे खुशी है कि मुझे इतने लंबे समय बाद राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलने का मौका मिला। इस जर्सी को दोबारा पहनकर काफी अच्छा महसूस हो रहा है। श्रीलंका में सपाट पिचें थी और एक मैच में तो 600 से अधिक रन बने लेकिन स्नेह ने अपनी सटीक गेंदबाजी से बल्लेबाजों पर दबदबा बनाया। स्नेह ने महिला त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला में सर्वाधिक विकेट के नूशीन अल खादीर और न्यूजीलैंड की राशेल पुलर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2002 में 12 विकेट चटकाए थे।

स्नेह ने कहा, 'जीत की लय हासिल करना हमेशा अच्छा होता है। इस तरह की परिस्थितियों में दबाव में प्रदर्शन करने से आपको अतिरिक्त आत्मविश्वास और अनुभव मिलता है। और निजी तौर पर इतने लंबे समय के बाद अपने देश के लिए प्रदर्शन करना और श्रृंखला की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने से मुझे काफी मदद मिली। स्नेह को 2025 महिला प्रीमियर लीग की खिलाड़ियों की नीलामी में किसी टीम ने नहीं चुना और बाद में उन्हें भारतीय टीम में चोटिल श्रेयंका पाटिल के विकल्प के तौर पर जगह मिली।

# अर्शदीप सिंह का टेस्ट डैब्यू तय !

## इंग्लैंड में दिखाएंगे जलवा, शमी पर संदेह

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह आगामी रेड-बॉल सीरीज के लिए इंग्लैंड के लिए उड़ान भर सकते हैं। भारत के इंग्लैंड दौरे में पांच मैचों की टेस्ट




सीरीज शामिल है। यह 20 जून से शुरू होने वाली है और हाई-प्रोफाइल सीरीज 4 अगस्त को समाप्त होने वाली है। मुख्य सीरीज की शुरुआत से पहले, भारत ए को इंग्लैंड में दो चार दिवसीय मैच खेलने हैं। 26 वर्षीय अर्शदीप इंग्लैंड में होने वाली सीरीज़ के लिए चयनकर्ताओं के रडार पर हैं, और उन्हें टेस्ट टीम में चुना जाएगा।

अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का चयन संदिग्ध है और उनके चयन की 50/50 संभावना है, जबकि हर्षित राणा भारत ए टीम के साथ इंग्लैंड जाएंगे। बीसीसीआई विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को ही उप-कप्तान चुनेगी। बता दें कि मोहम्मद शमी का फॉर्म और फिटनेस एक बड़ी चिंता का विषय रहा है क्योंकि इंडियन प्रीमियर लीग के चालू सत्र में वह गेंद के साथ बहुत खराब प्रदर्शन कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि भारत का इंग्लैंड दौरा 20 से 24 जून तक हेडिंग्ले, लीड्स में पहले टेस्ट के साथ शुरू होगा। इसके बाद दूसरा टेस्ट 2 से 6 जुलाई तक खेला जाएगा, तीसरा टेस्ट 10 से 14 जुलाई तक लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर होगा। मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में 23 से 27 जुलाई तक चौथा टेस्ट खेला जाएगा, जबकि पांचवां और अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से 4 अगस्त तक लंदन के द ओवल में खेला जाएगा।

रोहित शर्मा ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है और खबर है कि उनके डिप्टी जसप्रीत बुमराह टेस्ट क्रिकेट में कप्तानी संभालने के मूड में नहीं हैं, इसलिए उन्होंने इस दौड़ से अपना नाम वापस ले लिया है। इससे टेस्ट क्रिकेट में शीर्ष पद के लिए शुभमन गिल, ऋषभ पंत और केएल राहुल उम्मीदवार बन गए हैं। रिपोर्टों के अनुसार, चयन समिति ने रोहित शर्मा के प्रतिस्थापन के रूप में शुभमन गिल को चुना है। गिल पहले ही कोच गौतम गंभीर और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के साथ चर्चा कर चुके हैं और इंग्लैंड दौरे के लिए टीम की घोषणा होने पर नए भारतीय टेस्ट कप्तान के रूप में उनकी नियुक्ति आधिकारिक हो जाएगी।

# मैक्सवेल से शादी क्यों नहीं की ? सवाल पर गुस्साई प्रीति जिंटा, बोली यह भेदभाव क्यों ?



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक इंटरेक्शन सेशन के दौरान, अभिनेत्री और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) की सह-मालिक प्रीति जिंटा ने एक यूजर के आपत्तिजनक सवाल पर कड़ा जवाब दिया। यूजर ने मजाक में पूछा कि क्या क्रिकेटर ग्लेन मैक्सवेल के आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स के लिए खराब प्रदर्शन का कारण यह था कि प्रीति ने उनसे शादी नहीं की। इस सवाल से नाराज प्रीति ने यूजर को लैंगिक भेदभाव बंद करने और सम्मान देने की सलाह दी।

प्रीति ने एक्स पर लिखा- क्या आप यह सवाल पुरुष टीम मालिकों से पूछेंगे, या यह भेदभाव सिर्फ महिलाओं के लिए है? क्रिकेट में आने से पहले मुझे नहीं पता था कि कॉर्पोरेट जगत में महिलाओं के लिए जीवित रहना कितना मुश्किल है। उन्होंने आगे कहा, आपने यह सवाल मजाक में पूछा होगा,

### पंजाब किंग्स के मालिक

- प्रीति जिंटा (नेस वाडिया के साथ संयुक्त स्वामित्व)
- मोहित बर्मन (डाबर समूह)
- नेस वाडिया (वाडिया समूह)
- करण पॉल (एपेक्स समूह)
- ये चारों 2008 में फ्रेंचाइजी के गठन के बाद से सह-मालिक हैं।

लेकिन उम्मीद है कि आप इसे गंभीरता से देखेंगे। मैंने 18 साल की मेहनत से अपनी पहचान बनाई है, कृपया मुझे वह सम्मान दें और लैंगिक पक्षपात बंद करें। धन्यवाद।

पंजाब किंग्स -प्रीति जिंटा की सह-स्वामित्व वाली आईपीएल टीम, वर्तमान में आईपीएल 2025 की अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। 12 मैचों में 7 जीत, 3 हार और 1 बेनतीजा के साथ 15 अंक हासिल करने वाली पीबीकेएस एक मजबूत दावेदार है। सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह (487 रन, 5 अर्द्धशतक) और प्रियांश आर्य (417 रन, 1 शतक, 2 अर्द्धशतक) ने पावरप्ले में शानदार प्रदर्शन किया है। कप्तान श्रेयस अय्यर (405 रन, 4 अर्द्धशतक) ने बल्लेबाजी, शानदार फील्डिंग और गेंदबाजी रणनीतियों से टीम को मजबूती दी है। पीबीकेएस18 मई से जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने अभियान को आगे बढ़ाएगी।

# योगराज सिंह ने रोहित और विराट की आलोचना की, कहा- मैं उनके संन्यास से दुखी हूं

**चंडीगढ़ (पंजाब) (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट ने अपने दो आधुनिक समय के महान खिलाड़ियों विराट कोहली और रोहित शर्मा को टेस्ट क्रिकेट से विदाई दी है, ऐसे में पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह ने उनके संन्यास पर अपनी भावनात्मक और आलोचनात्मक राय साझा की है। भारत के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह के पिता ने दोनों दिग्गजों के जाने से पैदा होने वाले खालीपन पर विचार किया।

योगराज ने खेल के सबसे लंबे प्रारूप में कोहली के कद और प्रभाव को रेखांकित करते हुए कहा, विराट बड़े खिलाड़ी हैं, इसलिए निश्चित रूप से नुकसान होगा। उन्होंने 2011 में भारत के बदलाव के दौर से तुलना करते हुए कहा, जब 2011 में कई खिलाड़ियों को या तो हटा दिया गया, रिटायर कर दिया गया या उन्हें रिटायर होने के लिए मजबूर किया गया, तो टीम बिखर गई और अभी तक वापस खड़ी नहीं हुई है। उन्होंने माना कि हर किसी का समय आता है, योगराज का मानना ??है कि कोहली और रोहित दोनों में अभी भी क्रिकेट बचा हुआ है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि विराट और रोहित में अभी भी बहुत क्रिकेट बचा हुआ है।

अपने बेटे युवराज सिंह के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर होने पर विचार करते हुए योगराज ने कहा, मैंने युवी (युवराज सिंह) से कहा कि जब वह संन्यास ले रहा था, तो



यह सही कदम नहीं था। जब कोई चलने में असमर्थ हो, तो उसे मैदान से दूर चले जाना चाहिए। योगराज युवाओं पर अत्यधिक निर्भरता के मौजूदा चलन की आलोचना करने से नहीं कतराते, उन्होंने चेतावनी दी कि अनुभवी नेताओं की कमी टीम को अस्थिर कर सकती है। उन्होंने कहा, अगर आप युवाओं से भरी टीम बनाते हैं, तो यह हमेशा बिखर जाएगी।

उन्होंने कहा, शायद विराट को लगता है कि उसके पास हासिल करने के लिए और कुछ नहीं बचा है, उन्होंने सुझाव दिया कि आंतरिक संतुष्टि ने कोहली के फैसले को प्रभावित किया होगा। रोहित शर्मा पर अपना ध्यान केंद्रित करते हुए योगराज ने सुझाव दिया कि सही समर्थन के साथ, भारतीय कप्तान अपने लाल गेंद के करियर को आगे बढ़ा सकते थे।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि रोहित शर्मा को रोजाना प्रेरित करने के लिए सिर्फ एक व्यक्ति की जरूरत थी, उदाहरण के लिए सुबह 5 बजे दौड़ने के लिए। उन्होंने कहा, रोहित (शर्मा) और वीरेंद्र सहवाग दो ऐसे लोग हैं जिन्होंने बहुत जल्दी संन्यास ले लिया। योगराज ने अपनी निराशा जाहिर करते हुए कहा, महान खिलाड़ियों को 50 साल की उम्र तक खेलना चाहिए... मैं उनके संन्यास से दुखी हूं क्योंकि अब युवाओं को प्रेरित करने वाला कोई नहीं बचा है।



# एक्शन, रोमांस और थ्रिलर से भरपूर है विजय सेतुपति की फिल्म ऐस

विजय सेतुपति की आगामी तमिल एक्शन फिल्म ऐस का ट्रेलर आज रिलीज हो चुका है। फिल्म का निर्देशन अरुमुगाकुमार ने किया है। फिल्म निर्माताओं ने आज 11 मई को फिल्म का ट्रेलर जारी किया है, जिससे विजय के फैंस बेहद खुश और उत्साहित हो गए हैं। ऐस के ट्रेलर में एक्शन, रोमांस, थ्रिलर और ड्रामा से भरपूर देखने को मिला। ऐस का ट्रेलर विजय के किरदार के मलेशिया में उतरने से शुरू होता है, जहां वह अपने अतीत के सभी निशान मिटा देता है। अब वह बोल्ड कन्नन नाम से जाना जाता है। जल्द ही, वह योगी बाबू के साथ घुलमिल जाता है और रुक्मिणी वसंत से मिलता है। इसके बाद कन्नन एक गुप्त मिशन में शामिल दिखता है। जैसे-जैसे ट्रेलर खत्म होने के करीब आता है, कन्नन को हाथ से बनाया गया एक स्केच पकड़े हुए दिखाया जाता है। योगी बाबू मजाकिया अंदाज में कहते हैं कि यह शिवकार्तिकेयन जैसा दिखता है।

फिल्म निर्माताओं का इंस्टाग्राम पोस्ट

विजय सेतुपति की फिल्म ऐस के ट्रेलर के बाद अब प्रशंसक इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म निर्माताओं ने फिल्म के ट्रेलर रिलीज के साथ कैप्शन में लिखा, द अल्टीमेट शोडाउन आरामबम ऐस का हाई-ऑक्टेन क्रेजी ट्रेलर अब आउट हो गया है। यह फिल्म 23 मई को रिलीज होगी।

ऐस में विजय सेतुपति के अलावा योगी बाबू, रुक्मिणी वसंत, दिव्या पिल्लई और बबलू पृथ्वीराज, बी एस अविनाश, नागुलन, जहरिनारिस, मुथु कुमार, राज कुमार, डेनेस कुमार, कार्तिक जय ने अहम भूमिका निभाई है। फिल्म का निर्माण और निर्देशन सीएस एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले अरुमुगाकुमार ने किया है। फिल्म का संगीत जस्टिन प्रभाकरन ने दिया है।



# नेपोटिज्म पर प्रतिभा रांटा ने दी प्रतिक्रिया

## जो अच्छा काम करेगा उसे मौके मिलेंगे

सुपरहिट फिल्म 'लापता लेडीज' में जया का किरदार निभाने वाली प्रतिभा रांटा ने इस फिल्म से काफी तारीफें बटोरी हैं। उन्हें इंडस्ट्री की राइजिंग स्टार के रूप में देखा जा रहा है। प्रतिभा रांटा भी वो अभिनेत्री हैं जो किसी फिल्मी खानदान से ताल्लुक नहीं रखती हैं। ऐसे में अब अभिनेत्री ने बॉलीवुड पर अक्सर चर्चा में रहने वाले नेपोटिज्म के मुद्दे पर बात की और इसको लेकर अपनी राय रखी। साथ ही बॉलीवुड में अपने अब तक के अनुभव को भी बताया।

'दर्शक क्या चाह रहे हैं, ये जानने की हो रही कोशिश'

हाल ही में कास्मोपॉलिटन इंडिया के साथ बातचीत में प्रतिभा रांटा ने नेपोटिज्म पर खुलकर बात की। साथ ही एक बाहरी होने के नाते उनका इंडस्ट्री में अब तक का सफर कैसा रहा इसको लेकर भी अभिनेत्री ने अपने विचार रखे। प्रतिभा ने बातचीत में कहा, हम सभी जानते हैं कि इंडस्ट्री हमेशा बाहरी लोगों के प्रति दयालु नहीं होती है। मुझे लगता है कि हम एक अजीब मोड़ पर हैं, जहां इंडस्ट्री यह पता लगा रही है कि दर्शक वास्तव में क्या चाहते हैं। दांव पहले से कहीं ज्यादा ऊंचे हैं, क्योंकि अब दर्शकों की सीधी बात है। वो आपको बताएंगे कि उन्हें क्या पसंद है और क्या बिल्कुल नहीं। यह अब सिर्फ नए लोगों के बारे में नहीं है। हर किसी को जवाबदेह ठहराया जा रहा है।


आगे नेपोटिज्म और स्टारकिड्स को ज्यादा काम मिलने के सवाल पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए प्रतिभा ने कहा, अगर कोई स्टारकिड वाकई अपने काम में अच्छा है, तो उसे उचित सम्मान और श्रेय मिलता है। यही बात आउटसाइडर्स पर भी लागू होती है। मुझे लगता है कि इस मामले में अब चीजें पहले से ज्यादा साफ और निष्पक्ष होने लगी हैं। सीधी बात है कि अगर आप मेहनत करते हैं, तो मौके खुद आपके पास आएंगे। इसलिए इस बात की चिंता करने के बजाय कि किसे क्या मिल रहा है, मैं चुपचाप कड़ी मेहनत करती हूं।

प्रतिभा की अगली फिल्म को लेकर नहीं कोई अपडेट

'लापता लेडीज' में तारीफें मिलने के बाद भी प्रतिभा रांटा की अब तक अगली फिल्म को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि, बीच में कुछ ऐसी रिपोर्ट्स आई थीं जिनमें ये कहा गया था कि प्रतिभा रांटा के पास फिल्म है, लेकिन फिलहाल उस पर कोई जानकारी नहीं है।



# मुझसे शादी करोगी के सीक्वल में पहली बार साथ दिखेंगे कार्तिक-वरुण



2004 की हिट लव ट्रायंगल कॉमेडी फिल्म मुझसे 20 शादी करोगी का सीक्वल बनने जा रहा है। पहले पार्ट में सलमान खान, अक्षय कुमार और प्रियंका चोपड़ा मुख्य भूमिकाओं में थे। इस बार नई पीढ़ी के चहेते एक्टर कार्तिक आर्यन और वरुण धवन पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आएंगे। निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने सीक्वल पर काम शुरू कर दिया है। इसकी स्क्रिप्ट लिखी जा रही है। साजिद को लगता है कि वरुण और कार्तिक की कॉमिक टाइमिंग दर्शकों को खूब हंसाएगी। डेविड धवन ही इस बार भी निर्देशन करेंगे। फिल्म की रिलीज अगले साल होने की संभावना है। आने वाली फिल्मों की बात करें तो वरुण सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी, है जवानी तो इश्क होना है और बॉर्डर 2 में दिखाई देंगे। वहीं कार्तिक, तू मेरी मैं तेरा... मैं तेरा तू मेरी और नागजिला जैसी फिल्मों में नजर आएंगे।

# ये जोखिम लेना चाहती हैं अनन्या पांडे



अभिनेत्री अनन्या पांडे को हाल ही में फिल्म केसरी चैप्टर 2 में देखा गया था। उन्होंने कहा है कि वह और भी ज्यादा चुनौतीपूर्ण रोल अदा करने के लिए तैयार हैं। अनन्या ने साल 2019 में स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड में कदम रखा था। इसके बाद वह गहराइयां और सीटीआरएल जैसी में नजर आई। हर फिल्म में उनकी अलग काबिलियत दिखाई दी है। अनन्या पांडे चुनौतीपूर्ण किरदारों के साथ प्रयोग करना चाहती हैं। पति पत्नी और वो और ओटीटी सीरीज कॉल मी बे में काम करने के बाद, अनन्या को लगता है कि अगर वह सिर्फ एक शैली तक ही सीमित रहती हैं, तो यह उनके फैंस के साथ अन्याय होगा।

# स्ट्रगल के दिनों को याद नहीं करते अमित

इन दिनों फिल्म 'रेड 2' की काफी चर्चा है। अजय देवगन ने इस फिल्म में एक इनकम टैक्स ऑफिसर का रोल किया है। फिल्म 'रेड 2' में अमित सियाल ने भी अजय देवगन के साथी का रोल किया है, इस किरदार की भी काफी चर्चा हो रही है। फिल्म 'रेड 2' और अपने करियर के शुरुआती संघर्ष के बारे में अमित सियाल ने बातचीत की।


अमित सियाल अक्सर कहते हैं कि वह अपने स्ट्रगल के दिनों को याद नहीं करना चाहते हैं। ऐसा क्यों है? इस सवाल के जवाब में अमित सियाल एक उदाहरण देते हैं, वह कहते हैं, 'हां, मैं अपने स्ट्रगल के दिनों को याद नहीं करना चाहता हूं। देखिए, अगर मेरा कभी बाइक से एक्सीडेंट हो जाए और मैं हमेशा उसी बात को याद करते हुए बाइक चलाना ही छोड़ दूं तो ये गलत बात होगी ना। मैं कहता हूं कि हर व्यक्ति स्ट्रगल करता है। मैं भी स्ट्रगल किया। मैंने भी कॉलेज के दिनों बर्तन धोए हैं, टैक्सी भी चलाई, वेटर बना हूं। साथ ही खूब मस्ती भी की।'

### मौजूदा फेज को एंज्वॉय करने की ख्वाहिश

अमित सियाल आगे कहते हैं, 'स्ट्रगल को याद करने के बजाय मैं आज के फेज को एंज्वॉय करना चाहता हूं, मैं अच्छा काम कर रहा हूं, मुझे लोगों से प्यार और तारीफ मिल रही है, मेरा घर अच्छे से चल रहा है, परिवार खुश है, पत्नी और बच्चे खुश हैं। गाड़ी भी है, जिंदगी अच्छी चल रही है। इसके अलावा मुझे और क्या चाहिए?'

### सोचकर आए थे कि एक्टिंग ही करेंगे

अमित इंटरव्यू में यह भी बताते हैं कि उन्होंने बचपन से ही एक्टर बनने का सपना देखा था। वह कहते हैं, 'मैंने बचपन में एक्टर बनने का सपना देखा, जिसे पूरा कर लिया तो फिर किस बात का स्ट्रगल है। मैं तो मुंबई यही सोचकर आया था कि भूखा रह लूंगा लेकिन एक्टिंग ही करूंगा। फिर इस रास्ते के बीच में जो चीजें भी फेस करनी पड़ी उसे लेकर बहुत ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है।'





# पाकिस्तानी यूजर ने किया अनफॉलो तो भुवन बाम ने दिया करारा जवाब

भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण कई पाकिस्तानी लोग भारतीय इंफ्लुएंसर को अनफॉलो कर रहे हैं। इस लिस्ट में अब भुवन बाम का नाम भी शामिल हो गया। भुवन को एक पाकिस्तानी यूजर ने अनफॉलो करने की बात कही तो इंफ्लुएंसर ने उसे करारा जवाब दिया। इसके बाद से ही भुवन की सोशल मीडिया पर खूब तारीफ हो रही है। एक पाकिस्तानी फॉलोअर ने भुवन बाम को इंस्टाग्राम पर मैसेज किया, 'सॉरी भुवन भैया, अनफॉलो।' इस शख्स के प्रोफाइल पर पाकिस्तानी झंडा लगा था। इस पाकिस्तानी फॉलोअर को भुवन बाम ने भी जवाब दिया। वह लिखते हैं, 'भाई, अपने देश के साथ खड़े रहने पर अगर फॉलोअर्स कम होते हैं, तो ऐसा ही सही।' इस बात के जरिए भुवन ने साबित कर दिया कि उन्हें फर्क नहीं पड़ता है कि पाकिस्तानी लोग उन्हें अनफॉलो कर रहे हैं। भुवन बाम का जब यह मैसेज वायरल हुआ तो इंडियन यूजर्स ने उनकी खूब तारीफ की। कई यूजर्स ने कहा, 'ये डिजिटल देशभक्ति है।' वहीं कई यूजर्स ने लिखा है, ' भुवन, एक ही दिल है कितनी बार जीतोगे।' इस तरह के कई कमेंट्स इंडियन यूजर्स भुवन बाम को लेकर किए। भुवन बाम ने यूट्यूब के जरिए अपना करियर शुरू किया, वह इस प्लेटफॉर्म पर फनी वीडियो बनाते थे। अब बतौर एक्टर वेब सीरीज में काम कर रहे हैं। 'ढिंढोरा' और 'ताजा खबर' जैसी सीरीज की हैं। इन सीरीज में भुवन ने लीड रोल निभाए हैं।



# रिश्ते में दोस्ती ढूंढ लें तो वो लंबा चलेंगे हमें साथ में 15 साल हो चुके हैं

राजकुमार राव अपनी जबरदस्त ऐक्टिंग की बदौलत फैंस के दिलों में राज कर रहे हैं। उन्होंने हमेशा अपने काम में विविधता रखी है, इसी वजह से उन्हें ढेर सारे कॉमिक किरदार निभाने के बावजूद कभी टाइपकास्ट होने का डर नहीं सताया। एक ओर जहां तमाम बॉलिवुड स्टार्स, साउथवालों के साथ मिलकर कोलैब कर रहे तो वहीं राजकुमार भी अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। अपने पार्टनर के साथ दोस्ती बनाए रखना क्यों जरूरी है।

### अपने काम में हमेशा विविधता रखी है

राज ने अपने करियर में कई कॉमिक किरदार किए हैं। ऐसे में क्या उनके मन में कभी टाइपकास्ट होने का खयाल आया? इसके जवाब में ऐक्टर कहते हैं कि ऐसा कभी नहीं हुआ। पिछले साल मैंने श्रीकांत बोल्ला की बायॉपिक की थी। इस साल 'मालिक' आएगी, जो कि ऐक्शन पैक्ड फिल्म है। हमेशा मैंने अपने काम में विविधता रखी है। रही बात कॉमिडी की तो उसके लिए अच्छा लिखा होना बेहद जरूरी है। उसके बिना एक ऐक्टर को आप बोलें कि किसी सीन को फनी बना दो तो वो बहुत मुश्किल हो जाएगा। जब तक राइटिंग में कॉमिडी नहीं होगी, तब तक एक ऐक्टर के बस में नहीं है कि वो अकेले इतना कुछ कर सके।

### मौका मिला तो साउथ इंडस्ट्री में काम करूंगा

तमाम बॉलिवुड स्टार्स, साउथ ऐक्टर, डायरेक्टर के साथ कोलैब कर रहे हैं। इस बातचीत में अभिनेता ने अपना इरादा भी स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि ईमानदारी से कहूं तो अभी तक मेरे पास ऐसा कोई मौका आया नहीं है। साउथ इंडस्ट्री में बहुत टैलंट है। बहुत सारे अच्छे-अच्छे ऐक्टर-डायरेक्टर हैं, जिसमें लिजो और मणिरत्नम जैसे नाम शामिल हैं। भ?विष्य में अगर मुझे मौका मिलता है तो मैं जरूर उनके साथ काम करना चाहूंगा।

### अपने पार्टनर के साथ दोस्ती बनाए रखना जरूरी है

मेरा और पत्रलेखा का दिल तो कई साल से जुड़ा हुआ है। हमारे रिश्ते के 15 साल पूरे होने वाले हैं। मैं यही मानता हूं कि समय कम मिले चलेगा लेकिन दिल हमेशा मिले रहना ज्यादा जरूरी है। अब हम एक अलग मुकाम पर पहुंच चुके हैं। काम में व्यस्त होने की वजह से कई बार हम एक महीने तक नहीं मिल पाते लेकिन हमें एक-दूसरे की अहमियत पता है। हर रिश्ते की शुरुआत प्रेम से होती है। कई बार यही शादी में बदल जाती है जैसा कि हमारे साथ हुआ। हालांकि, अपने पार्टनर के साथ दोस्ती बनाए रखना बहुत जरूरी है। जैसे हम कई बार दोस्तों के साथ होते हैं तो समय का पता नहीं चलता, उसी तरह अगर आप अपने रिश्ते में भी दोस्ती ढूंढ लें तो वो लंबा चल जाता है।

### टाइटल का रोचक होना मायने रखता है

मुझे फिल्म के टाइटल नहीं, कहानी आकर्षित करती है। हालांकि, मेरी फिल्मों के टाइटल काफी रोचक होते हैं। यह बात एकदम सच है कि टाइटल का रोचक होना बहुत मायने रखता है क्योंकि वही पहली चीज होती है, जो ऑडियंस के पास जाती है। ऐसे में आपकी जिम्मेदारी बनती है कि मजेदार टाइटल सोचा जाए, जिससे वो ज्यादा से ज्यादा लोगों के जेहन में बस सके। बाकी मेरी लिए कहानी का मजबूत होना ज्यादा अहम है। अगर मुझे कहानी पसंद आ जाती है तो फिर मैं फिल्म करने के लिए हां कर देता हूं।

### सरकारी नौकरी करता तो आईएएस बनता

राजकुमार राव की फिल्म भूल चूक माफ का एक डायलॉग है कि दो महीने में सरकारी नौकरी ले आओ। ऐसे में जब उनसे यह सवाल किया गया कि वाकई में अगर आपको सरकारी नौकरी मिलती तो आप क्या बनते? इस पर ऐक्टर ने कहा कि मुझे फिल्म शादी में जरूर आना में डीएम सत्येंद्र शुक्ला (आईएएस अफसर) बनकर बड़ा मजा आया था। हकीकत में, मुझे मौका मिलता तो आईएएस अफसर ही बनता। उनकी फिल्म की कहानी टाइम लूप पर आधारित है। ऐसे में जब राजकुमार से पूछा गया कि अगर आपको पीछे जाकर कुछ बदलने का मौका मिले तो क्या बदलना चाहेंगे। इस पर अभिनेता ने कहा कि मैं अपने पैरंट्स का लॉस बदलना चाहूंगा। इसके अलावा, मेरे फिल्म स्कूल (एफटीआईआई) के दिन हमेशा जेहन में रहते हैं। पत्रलेखा के साथ गुजारे ट्रैवलिंग के दिनों को मैं बहुत याद करता हूं। साथ ही हमारी शादी के जो तीन दिन के कार्यक्रम थे, उन्हें भी मैं कभी नहीं भूल सकता हूं। चाहता हूं कि वो दिन बार-बार लौटकर आएं।

### अनुभव सिन्हा से इस बारे में बात करूंगा

फिल्म निर्देशक अनुभव सिन्हा के साथ राज ने फिल्म भीड़ में काम किया था। हाल ही में फिल्ममेकर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि फिल्में दो तरह की बन रही हैं। एक बड़े पर्दे तो दूसरी ओटीटी के लिए। इस पर राज ने कहा कि वह मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं लेकिन इस मामले पर अभी मेरी उनके कोई बात नहीं हुई है। अभी उस पोस्ट में उन्होंने पूरी जानकारी भी नहीं दी है। वह इस बारे में आगे और भी बात करेंगे। उनसे बात करके ही बता पाऊंगा आखिर उन्होंने ऐसा क्या सोच कर लिखा है। हो सकता है कि कुछ ऐसा हुआ हो उनके साथ तो उन्हें लगा हो कि ऐसा लिखना चाहिए या हो सकता है कि उन्होंने किसी को स्पष्ट करने के लिए ऐसा किया हो।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 2442 42 से प्रकाशित।
संपादक- अनुज कुमार, R.N.I.No.- UPHIN/25/RAA18, मो0.945688 4327 , E-mail- officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।